खबर संक्षेप

केसरवानी वैश्य नगर सभा चुनाव

शहडोल। केसरवानी वैश्य समाज नगर सभा का बहुप्रतीक्षित चुनाव रविवार को अत्यंत शांतिपूर्ण और उत्साहपूर्ण माहौल में संपन्न हुआ। समाज के इतिहास में यह पहला अवसर रहा जब लोकतांत्रिक प्रक्रिया यानी मतदान के जरिए नगर सभा के अध्यक्ष का चुनाव किया गया। इस ऐतिहासिक मुकाबले में स्वजातीय बंधुओं के भारी समर्थन के साथ दिनेश गुप्ता (गप्पू भैया) 1094 मत प्राप्त कर नगर सभा अध्यक्ष पद पर विजयी घोषित हुए।नगर सभा अध्यक्ष दिनेश गुप्ता (गप्पू भैया), कार्यवाहक अध्यक्ष विजय केसरवानी, महामंत्री एडवोकेट प्रकाश गुप्ता, महिला सभा अध्यक्ष श्रीमती अंजना गुप्ता, महामंत्री श्रीमती स्वाति प्रदीप गुप्ता, तरुण सभा अध्यक्ष निलेश गुप्ता, कार्यवाहक अध्यक्ष अनीश गुप्ता, महामंत्री संजय गुप्ता के नाम नाम शामिल हैं। वर्तमान नगर सभा अध्यक्ष लक्ष्मण प्रसाद गुप्ता ने निष्पक्ष और शांतिपूर्ण चुनाव संपन्न कराने के लिए चुनाव अधिकारियों, जनगणना प्रभारियों और माजजनों का आभार जताया।

एसईसीएल राजेंद्रा माइंस में सुरक्षा हथियारों के साथ फोटो शूट पर मचा बवाल

स्वतंत्रता दिवस पर सरकारी राइफल से भौकालबाजी

शहडोल। स्वतंत्रता दिवस के अवसर पर एसईसीएल सोहागपुर एरिया अंतर्गत राजेंद्रा माइंस में सुरक्षा व्यवस्था की गंभीर अनदेखी का मामला सामने आया है। राष्ट्रीय पर्व के दौरान खदान क्षेत्र की सुरक्षा में तैनात गार्ड की शासकीय राइफल के साथ कुछ लोगों द्वारा फोटो खिंचवाने और उसे सोशल मीडिया पर प्रसारित करने को लेकर स्थानीय स्तर पर तीखी प्रतिक्रिया व्यक्त की जा रही है।



सुरक्षा नियमों एवं आर्म्स एक्ट के उल्लंघन पर सवाल

अति-संवेदनशील कोयला खदान परिसर में सुरक्षा मानकों का कड़ाई से पालन अनिवार्य होता है। इसके बावजूद, सुरक्षा गार्ड को दी गई शासकीय आग्नेयास्त्र (राइफल) अन्य व्यक्तियों के हाथों में दिखाई दी। सार्वजनिक रूप से सरकारी हथियार के साथ इस प्रकार फोटो खिंचवाने और प्रदर्शित करने को औद्योगिक सुरक्षा प्रोटोकॉल एवं आर्म्स एक्ट के प्रावधानों का स्पष्ट उल्लंघन माना जा रहा है। इस घटनाक्रम के बाद यह प्रश्न खड़ा हो रहा है कि सुरक्षा कार्य के लिए आवंटित हथियार किन परिस्थितियों में दूसरों को सौंपा गया और क्या इस दौरान सुरक्षा मानकों की पूरी तरह उपेक्षा की गई।

प्रशासनिक व्यवस्था और प्रबंधन की कार्यशैली पर उठे प्रश्न

सोहागपुर एरिया के महाप्रबंधक बी.के. जेना के कार्यकाल के दौरान क्षेत्र में प्रशासनिक शिथिलता और अनुशासनहीनता की शिकायतें लगातार चर्चा में रही हैं। खदानों के प्रबंधन और सुरक्षा तंत्र के संचालन को लेकर उठते सवालों के बीच इस ताजा घटना ने प्रबंधन की कार्यप्रणाली पर गंभीर प्रश्नचिह्न लगा दिया है। स्थानीय स्तर पर यह चर्चा जोर पकड़ रही है कि जिम्मेदार अधिकारियों की ढिलाई के कारण ही मातहत कर्मचारियों में नियमों के प्रति गंभीरता की कमी देखने को मिल रही है।

सोशल मीडिया पर तस्वीरों के प्रसार से फैली सनसनी

शासकीय राइफल के साथ खींची गई इन तस्वीरों के सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म्स पर वायरल होने के बाद खदान कर्मियों एवं स्थानीय नागरिकों के बीच असमंजस और भय का माहौल निर्मित हो गया है। हथियारों के इस प्रकार के गैर-जिम्मेदाराना प्रदर्शन को लेकर आमजन में सुरक्षा को लेकर चिंताएं जताई जा रही हैं। सुरक्षा विशेषज्ञों के अनुसार, किसी भी आपात स्थिति के लिए तैनात हथियारों के साथ इस तरह का व्यवहार किसी बड़ी अनहोनी या दुर्घटना का कारण बन सकता था।

जिला एवं पुलिस प्रशासन के कड़े रुख की मांग

इस पूरे मामले के सामने आने के बाद अब सभी की निगाहें शहडोल जिला प्रशासन और पुलिस विभाग की कार्रवाई पर टिक गई हैं। स्थानीय नागरिकों एवं प्रबुद्ध वर्ग की मांग है कि इस विषय को महज आंतरिक विभागीय जांच तक सीमित न रखकर निष्पक्ष और कठोर कानूनी कार्रवाई की जाए। आर्म्स एक्ट के उल्लंघन और शासकीय संपत्ति के दुरुपयोग के इस मामले में संबंधित सुरक्षा गार्ड, फोटो खिंचवाने वाले व्यक्तियों तथा इसे प्रचारित करने वालों के विरुद्ध सुसंगत धाराओं के तहत प्राथमिकी दर्ज कर वैधानिक कार्रवाई की जानी चाहिए, ताकि भविष्य में इस प्रकार की घटनाओं की पुनरावृत्ति न हो।

100 दिन से अटकी शिकायतों पर भड़के कलेक्टर

3 दिन में ए-ग्रेड लाने की कड़ी चेतावनी

शहडोल। जनता की समस्याओं को ठंडे बस्ते में डालना जिले के जिम्मेदार अधिकारियों को अब भारी पडने लगा है। सीएम हेल्पलाइन और समय-सीमा के पत्रों की समीक्षा बैठक के दौरान कलेक्टर पार्थ जायसवाल का कड़ा रुख देखने को मिला। सीएम हेल्पलाइन की शिकायतों में घोर लापरवाही और उन्हें अटेंड न करने (अपठित/अनसुना छोड़ने) पर गाज गिराते हुए कलेक्टर ने सोहागपुर तहसीलदार समेत चार प्रमुख विभागों के अधिकारियों के वेतन में कटौती के आदेश जारी कर दिए हैं।बैठक में शिकायतों की समीक्षा करते हुए कलेक्टर ने पाया कि कई स्तरों पर जनसमस्याओं को नजरअंदाज किया जा रहा है। इस पर सख्त रुख अपनाते हुए उन्होंने निम्नलिखित दंडात्मक निर्देश जारी किए। तहसीलदार सोहागपुर को नान-अटेंडेड शिकायत पर दो दिन का वेतन काटने के निर्देश। मुख्य कार्यपालन अधिकारी (सीईओ), जिला सहकारी बैंक का एक दिन का वेतन काटने का आदेश। कार्यपालन यंत्री, लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी (पीएचई) का एक दिन का वेतन काटा गया। पीएमजीएसवाई अधिकारी राजेश वानखेड़े का एक दिन के वेतन कटौती के निर्देश दिया। कलेक्टर पार्थ जायसवाल ने कड़े शब्दों में हिदायत दी कि

जिले के सभी विभाग आगामी 3 दिनों के भीतर सीएम हेल्पलाइन की रैंकिंग में ए-ग्रेड हासिल करें। यदि निर्धारित समय में सुधार नहीं दिखा तो संबंधित विभाग प्रमुखों के खिलाफ सीधे अनुशासनात्मक कार्रवाई की जाएगी। कलेक्टर ने विशेष रूप से 100 दिवस या उससे अधिक समय से लंबित शिकायतों पर कड़ी नाराजगी जताई। उन्होंने कहा कि विभाग प्रमुख स्वयं रोज इन प्रकरणों की समीक्षा और निगरानी करें। एल-1 (प्रथम स्तर) अधिकारियों के माध्यम से पोर्टल पर गुणवत्तापूर्ण और संतोषजनक जवाब अनिवार्य रूप से दर्ज कराया जाए। कोई भी जनशिकायत नान-अटेंडेड नहीं रहनी चाहिए, हर आवेदन का समय-सीमा के अंदर सटीक निस्तारण हो। समय-सीमा (टीएल) के पत्रों की पड़ताल करते हुए कलेक्टर ने निर्देश दिया कि आकांक्षा पोर्टल पर प्राप्त सभी प्रकरणों का एक सप्ताह के अंदर जवाब दर्ज किया जाए। इसके अलावा सीएम हाउस मॉनिटरिंग, सीएम मॉनिट और विभिन्न आयोगों से आने वाले पत्रों के जवाब प्राथमिकता के आधार पर समय सीमा में भेजे जाएं।

लॉरेंस साइन हाई स्कूल और संस्कार शिशु शिक्षा निकेतन में फहराया तिरंगा

जयसिंहनगर। नगर स्थित लॉरेंस साइन हाई स्कूल एवं पूर्व माध्यमिक संस्कार शिशु शिक्षा निकेतन में 80वां स्वतंत्रता दिवस बड़े ही हर्षोल्लास और देशभक्ति के माहौल में मनाया गया। इस अवसर पर विद्यालय परिसर से लेकर पूरे नगर में विभिन्न रंगारंग व अनुशासित कार्यक्रमों की धूम रही। दिन की शुरुआत विद्यार्थियों द्वारा निकाली गई भव्य प्रभात फेरी से हुई। स्काउट दल के सदस्यों ने बैंड-बाजों की गूंज और देशभक्ति के नारों के साथ पूरे नगर में रैली निकाली, जिसने क्षेत्र का माहौल राष्ट्रभक्ति के रंगों से सराबोर कर दिया। इसके उपरांत, संदीपनी हायर सेकेंडरी स्कूल जयसिंहनगर में विद्यार्थियों ने पूर्ण अनुशासन के साथ आकर्षक परेड मार्च किया। प्रभात फेरी व परेड के पश्चात

विद्यालय परिसर में मुख्य ध्वजारोहण समारोह आयोजित किया गया। संस्था की डायरेक्टर श्रीमती दुर्गा शुक्ला ने मुख्य अतिथि के रूप में तिरंगा फहराया और राष्ट्रध्वज को सलामी दी। इसके बाद छात्र-छात्राओं ने एक से बढ़कर एक रंगारंग सांस्कृतिक कार्यक्रमों की मनमोहक प्रस्तुतियां दीं। कार्यक्रम को ऐतिहासिक और भव्य बनाने में विद्यालय परिवार का विशेष योगदान रहा। विद्यालय के प्राचार्य श्रीमती श्री तिवारी, वाइस प्रिंसिपल विजय तिवारी एवं प्रधानाध्यापक जी.पी.यादव सहित समस्त स्कूल स्टाफ ने अपनी-अपनी जिम्मेदारियों का निष्ठापूर्वक पालन करते हुए उत्कृष्ट भूमिका का निर्वहन किया, जिसके बल पर यह पूरा आयोजन सफलता पूर्वक संपन्न हुआ। अंत में सभी उपस्थित लोगों को मिठाइयां बांटकर स्वतंत्रता दिवस की शुभकामनाएं दी गईं।

जनविश्वास शिविर में मौके पर ही खुला समस्याओं का पिटारा

लापरवाही पर ठेकेदार पर गिरी गाज, ब्लैक लिस्ट करने के निर्देश

शहडोल। जिले के जनपद पंचायत जयसिंहनगर के ग्राम चंदेला में आयोजित मुख्यमंत्री जन विश्वास कल्याण शिविर ग्रामीणों के लिए बड़ी राहत लेकर आया। शिविर में पहुंचे नागरिकों की समस्याओं का न केवल मौके पर त्वरित समाधान किया गया, बल्कि पात्र हितग्राहियों को विभिन्न शासकीय जनकल्याणकारी योजनाओं का सीधा लाभ भी सौंपा गया।शिविर के दौरान जयसिंहनगर विधायक श्रीमती मनीषा सिंह, विधायक शरद कोल, कलेक्टर पार्थ जायसवाल, पुलिस अधीक्षक संजय कुमार अग्रवाल तथा जिला पंचायत सीईओ शिवम प्रजापति ने संयुक्त रूप से योजनाओं का वितरण किया। चंदेला निवासी राधिका साकेत एवं अभिषेक रैदास को स्वीकृति पत्र दिया गया। सुखवंती गोंड को कल्याणी पेंशन तथा रमोलिया साहू को खाद्यान्न पात्रता पर्ची सौंपी गई। प्रभू, विनोद एवं सुदामा सिंह को भू-अधिकार पुस्तिका तथा 6 वर्षीय बालिका अनिता सिंह को दिव्यांग प्रमाण पत्र प्रदान किया गया। राम प्रसाद बैगा को बकरी पालन हेतु शासकीय योजना से लाभान्वित करने की प्रक्रिया तुरंत पूरी करने के निर्देश दिए गए।

ग्रामीणों द्वारा पेयजल और नल-जल योजना की शिकायत पर कलेक्टर पार्थ जायसवाल ने कड़ा रुख अपनाया। उन्होंने पीएचई विभाग को तत्काल स्थल निरीक्षण कर ग्राम पंचायत के माध्यम से सुधार का प्राक्कलन (एस्टीमेट) तैयार करने के निर्देश दिए। वहीं, पिछले 3 वर्षों से सरिसताल नल-जल योजना को अधूरा छोड़ने वाले ठेकेदार पर 10 प्रतिशत पेनल्टी (जुर्माना) लगाने और उसे ब्लैक लिस्टेड करने का कड़ा फरमान सुनाया। इस अवसर पर अनुविभागीय अधिकारी (राजस्व) सुश्री काजोल सिंह, जनपद पंचायत सीईओ श्रीमती शिवानी जैन समेत विभिन्न विभागों के अधिकारी और बड़ी संख्या में ग्रामीण उपस्थित रहे।

30 हजार का इनामी हत्यारा बागेश्वर धाम से धराया

रामपुर के चर्चित चिकन शॉप संचालक हत्याकांड का मुख्य आरोपी गिरफ्तार

शहडोल। साधु-संतों की शरण, बदला हुआ भेष और ठिकाने बदलकर खाकी को चकमा देने की हर साजिश आखिरकार नाकाम साबित हुई। जिले के बहुचर्चित रामपुर गोलीकांड में चिकन शॉप संचालक की सनसनीखेज हत्या कर फरार चल रहे 30 हजार रुपये के इनामी कुख्यात आरोपी को अमलाई पुलिस ने छतरपुर स्थित प्रसिद्ध बागेश्वर धाम से गिरफ्तार कर लिया है। शातिर आरोपी महाप्रसाद (भंडारे) की लाइन में थाली लेकर खड़ा था, लेकिन पुलिस को देखते ही जैसे ही भागा, मुस्तैद जवानों ने घेराबंदी कर उसे धर दबोचा।

मामला अमलाई थाना क्षेत्र के रामपुर का है। बीते 13 जुलाई को रज्जन कहार अपनी चिकन दुकान पर मौजूद थे। उसी दौरान आपराधिक प्रवृत्ति का राजकुमार शर्मा वहां पहुंचा और दहशत फैलाने की नीयत से हवाई फायरिंग करने लगा। जब रज्जन ने इसका कड़ा विरोध किया और उसे रोका, तो आरोपी ने आपा खोकर सीधे रज्जन पर गोली चला दी। लहूलुहान अवस्था में रज्जन को अस्पताल ले जाया गया, जहां इलाज के दौरान उन्होंने दम तोड़ दिया। इस जघन्य हत्याकांड के बाद से ही आरोपी पुलिस की पकड़ से बाहर था और उस पर 30 हजार रुपये का इनाम घोषित किया गया था।

गिरफ्तारी के डर से आरोपी राजकुमार शर्मा लगातार अपने ठिकाने बदल रहा था। पुलिस से बचने के लिए उसने धार्मिक स्थलों और संतों की शरण ली। सबसे पहले वह छतरपुर के जटायु धाम में छुपा, लेकिन वहां पुलिस की भनक मिलते ही मैहर भाग निकला। मैहर में कुछ दिन काटने के बाद वह छतरपुर के बागेश्वर धाम आश्रम पहुंच गया। वहां उसने अपना वेशभूषा बदल लिया ताकि कोई उसे पहचान न सके और साधु-संतों के बीच रहने लगा। तकनीकी सुरागों और मुखबिर की सटीक सूचना पर अमलाई पुलिस की विशेष टीम छतरपुर के बागेश्वर धाम पहुँची। सघन तलाशी के दौरान पुलिस की पैनी नजर भोजन की कतार में थाली लिए खड़े एक संदिग्ध पर पड़ी। जैसे ही पुलिसकर्मी उसकी ओर बढ़े, आरोपी चालाकी दिखाते हुए थाली वहीं फेंककर भागने लगा। हालांकि, पहले से सतर्क अमलाई पुलिस की टीम ने मुस्तैदी दिखाते हुए उसका पीछा किया और मौके पर ही दबोच लिया। इनामी आरोपी राजकुमार शर्मा अब अमलाई पुलिस की गिरफ्त में है, जिससे पूछताछ के साथ अग्रिम वैधानिक कार्रवाई की जा रही है।

इनका कहना है...

हत्या के मामले के फरार आरोपी को हिरासत में लिया गया गया है, आगे की वैधानिक कार्यवाही की जा रही है।

विकास पाण्डेय
एसडीओपी, धनपुरी

बाणगंगा मंदिर से बूढ़ी देवी मंदिर तक उमड़ा शिवभक्तों का सैलाब

हिंदू जन जागरण समिति ने निकाली भव्य कांवड़ यात्रा

शहडोल। पवित्र श्रावण मास के तीसरे सोमवार के पावन अवसर पर शहडोल नगर पूरी तरह शिवभक्ति के रंगों में सराबोर नजर आया। हिंदू जन जागरण समिति के तत्वावधान में ऐतिहासिक बाणगंगा मंदिर से पाली रोड स्थित बूढ़ी देवी माता मंदिर तक एक विशाल एवं भव्य कांवड़ यात्रा निकाली गई। भगवान भोलेनाथ और बाबा महाकाल के गगनभेदी जयकारों से समूचा नगर दिनभर गुंजायमान रहा।

यात्रा का शुभारंभ बाणगंगा मंदिर में भगवान भोलेनाथ की विशेष पूजा-अर्चना और

महाआरती के साथ हुआ। कांवड़ियों एवं सेवादारों ने पौराणिक बाणगंगा कुंड से पवित्र जल भरकर अपनी यात्रा शुरू की। यह यात्रा बाणगंगा विराट मंदिर से प्रारंभ होकर कोटमा तिराहा, नया बस स्टैंड, लल्लू सिंह चौक, बुढ़ार चौक, न्यू गांधी चौक, राजेंद्र टॉकीज चौक और जयस्तंभ चौक होते हुए नगर भ्रमण कर बूढ़ी देवी मंदिर पहुंची। वहां विराजित दिव्य शिवलिंग पर जल अभिषेक और रुद्राभिषेक कर वैदिक मंत्रोच्चार के साथ महाआरती संपन्न की गई।यात्रा के दौरान नंदी पर सवार भगवान शिव और वीर बजरंगबली की मनमोहक झांकी श्रद्धालुओं के लिए विशेष आकर्षण का केंद्र बनी रही। नगर के मुख्य मार्गों हाउसिंग बोर्ड कॉलोनी, रीवा होटल, बगिया बायपास, मनोज टीवीएस, गणेश मंदिर, रघुराज स्कूल एवं मानस भवन के सामने व्यापारियों, समाजसेवियों तथा जनप्रतिनिधियों ने कांवड़ियों पर फूलों की बौछार कर उनका जोरदार स्वागत किया। शहर में स्थान-स्थान पर भंडारे और प्रसाद वितरण का आयोजन भी हुआ। कांवड़ यात्रा में जयसिंहनगर विधायक श्रीमती मनीषा सिंह ने कार्यकर्ताओं संग बाणगंगा मंदिर पहुंचकर भगवान भोलेनाथ की आरती उतारी और श्रद्धालुओं का स्वागत किया। वहीं, सौहार्द और भाईचारे का संदेश देते हुए बंटी-आबिद मित्र मंडल ने कांवड़ यात्रा का अभूतपूर्व स्वागत किया। मंडल के सदस्यों ने शिवभक्तों पर पुष्प वर्षा की तथा उनके लिए शीतल जल एवं फलाहार का वितरण किया। इस दौरान सबी खान बंटी, शेख आबिद, आशीष गोले, मोहसिन खान, कृष्णा, शहबाज, अरशद, निक्की समेत बड़ी संख्या में स्थानीय युवा उपस्थित रहे।

प्रशासनिक अव्यवस्था के खिलाफ जनप्रतिनिधियों ने किया प्रदर्शन



शहडोल। जिला मुख्यालय स्थित जनपद पंचायत सोहागपुर के सभागार में आयोजित जिला स्तरीय पंच सम्मेलन उस समय भारी हंगामे की भेंट चढ़ गया, जब अव्यवस्थाओं और कथित उपेक्षा से नाराज जिलेभर के जनप्रतिनिधियों ने कार्यक्रम का सरेआम बहिष्कार कर दिया। अपने मान-सम्मान पर ठेस पहुंचने से आक्रोशित सरपंच, उपसरपंच, पंच एवं जनपद सदस्यों ने एकजुट होकर कलेक्ट्रेट का रुख किया और प्रशासनिक अव्यवस्था के खिलाफ जमकर प्रदर्शन किया। जानकारी के अनुसार जनपद पंचायत सभागार में विकसित भारत-गारंटी फॉर रोजगार एवं आजीविका मिशन ग्रामीण विषय पर प्रशिक्षण सह जिला स्तरीय पंच सम्मेलन का आयोजन किया गया था। इस सम्मेलन में भाग लेने के लिए जिले के सुदूर ग्रामीण अंचलों से सैकड़ों निर्वाचित जनप्रतिनिधि पहुंचे थे। आरोप है कि आयोजन स्थल पर जनप्रतिनिधियों के अनुपात में बैठने के लिए पर्याप्त कुर्सियों और बुनियादी सुविधाओं के कोई पुख्ता इंतजाम नहीं किए गए थे। जनता के चुने हुए प्रतिनिधियों को कार्यक्रम स्थल पर अव्यवस्थाओं का सामना करना पड़ा। जनप्रतिनिधियों का साफ कहना था कि वे अपने-अपने क्षेत्रों की जनता का प्रतिनिधित्व करते हैं, ऐसे में शासकीय आयोजनों में उनके सम्मान और न्यूनतम व्यवस्थाओं का ध्यान रखा जाना प्रशासनिक जिम्मेदारी थी।आयोजकों के ढुलमुल रवैये से असंतुष्ट जनप्रतिनिधियों ने एक स्वर में सम्मेलन का बहिष्कार करने का ऐलान कर दिया। देखते ही देखते जनप्रतिनिधियों का हुजूम समूह बनाकर कलेक्ट्रेट परिसर पहुंच गया और अधिकारियों के खिलाफ अपनी नाराजगी जाहिर करने लगा। अचानक हुए इस घटनाक्रम और विरोध-प्रदर्शन से कलेक्ट्रेट परिसर में हडक्रंप मच गया।मामले की संवेदनशीलता को देखते हुए कलेक्टर पार्थ जायसवाल स्वयं कलेक्ट्रेट परिसर में मौजूद जनप्रतिनिधियों के बीच पहुंचे। उन्होंने शांत भाव से सरपंचों, उपसरपंचों और पंचों की बातें सुनीं और सम्मेलन में हुई व्यवस्थागत कमियों की पूरी जानकारी ली। कलेक्टर ने जनप्रतिनिधियों को आश्वस्त किया कि भविष्य में इस प्रकार की पुनरावृत्ति नहीं होगी और पूरी घटना को गंभीरता से लिया जाएगा। प्रदर्शनकारी जनप्रतिनिधियों ने कलेक्टर के समक्ष मांग रखी कि इस अधूरे और अव्यवस्थित सम्मेलन को निरस्त कर दोबारा जिला स्तरीय पंच सम्मेलन आयोजित किया जाए। आगामी आयोजन में जनप्रतिनिधियों के बैठने की समुचित व्यवस्था, मान-सम्मान और प्रोटोकॉल का पूरी तरह पालन सुनिश्चित किया जाए। लापरवाही बरतने वाले जिम्मेदारों पर जवाबदेही तय की जाए। दिनभर कलेक्ट्रेट में जनप्रतिनिधियों के जमावड़े और पंच सम्मेलन के बहिष्कार का यह मुद्दा पूरे जिले में चर्चा का विषय बना रहा।

देश में बढ़ता भ्रष्टाचार हमें गर्त में ले जाएगा: मंत्री

शहडोल। सीनियर सिटीजन एसोसिएशन की मासिक बैठक रविवार 16 अगस्त 2026 को होटल लेबल वन में आयोजित की गई। बैठक की अध्यक्षता एम.एल. मंत्री ने की। कार्यक्रम का शुभारंभ प्रभु हनुमान जी की स्तुति से हुआ। इस अवसर पर स्वतंत्रता दिवस के उपलक्ष्य में एसोसिएशन के वरिष्ठ सदस्यों एम.आर. गोयल, एम.एल. मंत्री, डॉ. ए.के. श्रीवास्तव एवं अशोक बोहरा को सम्मानित किया गया। कार्यक्रम में एम.आर. गोयल ने अपने संस्मरण साझा करते हुए अंग्रेजों के शासनकाल के अनुभवों का उल्लेख किया। उन्होंने बताया कि उस दौर में बुजुर्गों के साथ-साथ बच्चों को भी प्रताड़ित किया जाता था। डॉ. ए.के. श्रीवास्तव ने कहा कि जब देश स्वतंत्र हुआ, तब उनकी उम्र काफी कम थी, लेकिन बड़े होने पर उन्होंने बुजुर्गों से अंग्रेजों द्वारा किए गए अत्याचारों के बारे में सुना, जिसकी यादें आज भी लोगों के मन में हैं। एसोसिएशन के अध्यक्ष एम.एल. मंत्री ने स्वतंत्रता दिवस की शुभकामनाएं देते हुए अंग्रेजों की कार्यप्रणाली की आलोचना की। उन्होंने कहा कि अंग्रेजों के विकृत स्वभाव के कारण जनमानस को अपार क्षति हुई। उन्होंने वर्तमान समय में बढ़ते भ्रष्टाचार पर चिंता व्यक्त करते हुए कहा कि यदि भ्रष्टाचार पर प्रभावी ढंग से रोक नहीं लगाई गई तो देश गर्त में चला जाएगा। उन्होंने कहा कि देश में विकास के लिए हजारों करोड़ रुपये खर्च किए जाते हैं, लेकिन उसका अपेक्षित लाभ आम जनता तक नहीं पहुंच पाता। जनता के टैक्स का पैसा लगातार बर्बाद हो रहा है। देश के विकास के लिए भ्रष्टाचार रूपी दानव को किसी भी कीमत पर रोकना होगा। बैठक में एम.एल. मंत्री, डॉ. ए.के. श्रीवास्तव, एम.आर. गोयल, जी.डी. आहूजा, राधेश्याम शुक्ला, डॉ. गौरी शंकर, मृत्युंजय सिंह, जीतेंद्र प्रताप सिंह, कमल मूंदड़ा, राजकुमार सिंह, अशोक बोहरा, डॉ. पवन मूंदड़ा, हरीश सलूजा, योगेश अग्रवाल, अरुण अग्रवाल, सुहास वासुदेव, शरद झवेरी, अमर सिंघानिया, महेंद्र श्रीवास्तव, दीपक ढोढ़ी एवं अनंत मोहनी सहित अन्य सदस्य उपस्थित रहे।

कलेक्टर ने 16 अधिकारियों पर लगाया जुर्माना

शहडोल। जनता के शासकीय कार्यों में टालमटोल और लापरवाही बरतने वाले अफसरों के खिलाफ कलेक्टर पार्थ जायसवाल ने कड़ा रुख अपनाया है। कलेक्ट्रेट सभागार में आयोजित समय-सीमा (टीएल) की समीक्षा बैठक में लोक सेवा गारंटी अधिनियम के तहत निर्धारित समय-सीमा में सेवाएं न देने पर कलेक्टर ने बड़ी कार्रवाई करते हुए 16 पदाविहित अधिकारियों पर प्रति प्रकरण 500 रुपये का अर्थदंड (पेनाल्टी) लगाने के सख्त आदेश दिए हैं।

समीक्षा के दौरान कलेक्टर ने पाया कि सिटीजन चार्टर और समाधान एक दिवस योजना के तहत आम नागरिकों से प्राप्त आवेदनों का तय समय में निराकरण नहीं किया गया। इस घोर लापरवाही पर कड़ा संज्ञान लेते हुए जिन 16 अधिकारियों पर गाज गिरी है, उनमें जनपद पंचायत ब्योहारी के मुख्य कार्यपालन अधिकारी, नगर परिषद खांड़ के मुख्य नगर पालिका अधिकारी, विभिन्न ग्राम पंचायतों के 14 पंचायत सचिव शामिल हैं। कलेक्टर ने स्पष्ट किया कि लोक सेवा गारंटी का मुख्य उद्देश्य आम जनता को बिना किसी भटकाव के तय सीमा में शासकीय सेवाएं उपलब्ध कराना है। इसमें किसी भी तरह की हीलाहवाली बर्दाश्त नहीं की जाएगी।बैठक में कलेक्टर ने लंबित अदालती मामलों की समीक्षा करते हुए अधिकारियों को समय रहते न्यायालय में शासकीय जवाब प्रस्तुत करने की ताकीद की। इसके अलावा कृषि एवं राजस्व अमले को फॉर्मर रजिस्ट्री के कार्य में तेजी लाने के निर्देश दिए। आंगनबाड़ी के बच्चों, गर्भवती एवं धात्री माताओं को हर मंगलवार अनिवार्य रूप से टीएचआर (टेक होम राशन) वितरित करने को कहा। हिट एंड रन के लंबित मामलों का शीघ्र निस्तारण कर पीड़ित परिवारों को तत्काल सहायता राशि प्रदान करने तथा राहवीर योजना के प्रकरणों को प्राथमिकता से निपटाने के कड़े निर्देश दिए।

खबर संक्षेप

बाढ़ के पानी में फंसी गर्भवती महिला का एसडीआरएफ टीम ने किया सफल रेस्क्यू

उमरिया। जिले के जमुनिया क्षेत्र में लगातार हो रही तेज बारिश के बीच एसडीआरएफ टीम ने गत रात बाढ़ के पानी में फंसी एक गर्भवती महिला का साहस एवं तत्परता से सफल रेस्क्यू किया। प्राप्त जानकारी के अनुसार रात करीब 3 बजे सूचना मिली कि जमुनिया क्षेत्र में एक गर्भवती महिला बाढ़ के पानी के कारण फंस गई है। महिला को अत्यधिक दर्द हो रहा था और उसे तत्काल अस्पताल पहुंचाना आवश्यक था। लगातार तेज बारिश के कारण स्थानीय नदी उफान पर थी तथा अस्पताल पहुंचने वाले मार्ग अवरुद्ध हो गए थे। रास्ते में नदी का तेज बहाव भी चुनौती बना हुआ था। सूचना मिलते ही एसडीआरएफ टीम तत्काल मौके पर पहुंची और विषम परिस्थितियों में बिना समय गंवाए रेस्क्यू ऑपरेशन शुरू किया। रात के अंधेरे और तेज बहाव के बीच टीम ने साहस, सूझबूझ एवं तत्परता का परिचय देते हुए गर्भवती महिला को सुरक्षित बाहर निकाला। रेस्क्यू के बाद एम्बुलेंस की सहायता से महिला को तत्काल अस्पताल पहुंचाया गया, जहां उसे आवश्यक चिकित्सा सहायता उपलब्ध कराई गई।

ग्राम कौडिया में वित्तीय समावेशन पर कार्यक्रम संपन्न



उमरिया। जिले के विकास खंड करकेली अंतर्गत वाडी ग्राम कौडिय़ां पंचायत भवन में वित्तीय समावेशन से संबधित कार्यक्रम का आयोजन रिएक्ट संस्था द्वारा किया गया। इस अवसर पर परियोजना प्रबंधक पंकज कुमार सिंह द्वारा कार्यक्रम के उद्देश्य एवं नाबार्ड द्वारा विकासखंड करकेली में संचालित वाड़ी विकास परियोजना के उद्देश्यों, गतिविधियों एवं किसानों को प्राप्त होने वाले लाभों की विस्तृत जानकारी प्रदान की गई।मनोज कुमार रिजर्व बैंक ऑफ इंडिया ने भारत सरकार एवं राज्य सरकार के माध्यम द्वारा आम लोगों के लिए चल रही योजनाओं से संबंधित जानकारी दी। एल.डी.एम. गौतम कुमार सिंह ने किसानों को किसान क्रेडिट कार्ड, जीवन बीमा योजनाओं तथा किसानों के हित में संचालित अन्य बैंकिंग एवं सरकारी योजनाओं की विस्तृत जानकारी दी तथा इन योजनाओं का अधिकाधिक लाभ उठाने के लिए प्रेरित किया। जिला विकास प्रबंधक हिमांशु शुक्ला द्वारा उपस्थित किसानों से बैंक द्वारा चलाई जा रही जन कल्याणकारी योजनाओं का ज्यादा से ज्यादा लाभ लेने अपील की। कार्यक्रम में मनोज कुमार रिजर्व बैंक ऑफ इंडिया जिला विकास प्रबंधक नाबार्ड हिमांशु शुक्ला, परियोजना प्रबंधक पंकज कुमार सिंह तथा समर्पित संस्था से पदाधिकारी एवं ग्रामीण जन एवं किसान उपस्थित रहे।

राष्ट्र सेवा ही हमारा पहला धर्म होना चाहिए- श्रीधर शर्मा

अमरकंटक। धर्मनगरी अमरकंटक स्थित सरस्वती शिशु मंदिर में 80 वां स्वतंत्रता दिवस धूमधाम और उत्साह के साथ मनाया गया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि एवं अध्यक्ष के रूप में परम धर्म सांसद एवं राहुल-प्रियंका कांग्रेस सेना मध्यप्रदेश के महामंत्री श्रीधर शर्मा (अधिवक्ता) उपस्थित रहे। उन्होंने राष्ट्रध्वज फहराकर स्वतंत्रता दिवस समारोह का शुभारंभ किया। इस अवसर पर श्रीधर शर्मा ने अपने संबोधन में कहा कि राष्ट्र सेवा ही हम सभी का पहला धर्म होना चाहिए।उन्होंने स्वतंत्रता दिवस के पावन अवसर पर विद्यालय के विद्यार्थियों, शिक्षकों, अभिभावकों एवं उपस्थित नागरिकों को शुभकामनाएं दीं। कार्यक्रम के उपरांत श्रीधर शर्मा नगर परिषद अमरकंटक में आयोजित स्वतंत्रता दिवस समारोह में भी शामिल हुए। यहां उन्होंने अमरकंटकवासियों, साधु-संतों एवं उपस्थित जनसमुदाय को स्वतंत्रता दिवस की शुभकामनाएं देते हुए राष्ट्र की एकता, अखंडता के लिये कार्य करने का आहवान किया।

घटिया सामग्री से बनी पुलिया ताश के पत्तों की तरह ढही, आवागमन पूरी तरह ठप्प

पहली ही बारिश में धराशाई हुआ पटपहरा नाला का घाट निर्माण!

सरपंच, तत्कालीन व वर्तमान सचिव और उपयंत्री की सांठ-गांठ से शासकीय पानी में बही

मानपुर। जनपद पंचायत मानपुर अंतर्गत ग्राम पंचायत कठार से भ्रष्टाचार और घटिया निर्माण कार्य की एक दिल दहला देने वाली तस्वीर सामने आई है। यहाँ पटपहरा नाला में 14 लाख 50 हजार रुपये की मोटी तकनीकी स्वीकृति राशि से वर्ष 2024-25 में कराया गया घाट एवं पुलिया निर्माण कार्य पहली ही मूसलाधार बारिश का थपेड़ा सहन नहीं कर सका। भ्रष्टाचार की नींव पर खड़ा यह निर्माण ताश के पत्तों की तरह ढह गया और देखते ही देखते शासकीय खजाने के लाखों रुपये बहते पानी में समा गए। पुलिया के जमींदोज होने से ग्रामीणों का आवागमन पूरी तरह अवरुद्ध हो चुका है और पूरा क्षेत्र एक दूसरे से कट गया है।

5 वें वित्त आयोग के पैसों में हुआ खेल

चौंकाने वाली बात यह है कि यह पूरा निर्माण कार्य 5 वें वित्त आयोग की राशि का उपयोग करके कराया गया था। जिस दौरान यह घटिया और स्तरहीन निर्माण कार्य अंजाम दिया गया, उस समय पंचायत की कमान तत्कालीन सचिव पीयूष सिंह के हाथों में थी। वहीं वर्तमान में कपिल पटेल सचिव के पद पर पदस्थ हैं। पंचायत के जिम्मेदारों सरपंच, तत्कालीन सचिव पीयूष सिंह, वर्तमान सचिव कपिल पटेल तथा संबंधित उपयंत्री की कथित सांठ-गांठ ने निर्माण मानकों की धज्जियां उड़ाने में कोई कसर नहीं छोड़ी। नियमों और प्राक्कलन (एस्टीमेट) को ताक पर रखकर घटिया किस्म की बालू-रेत, नाममात्र का सीमेंट और गुणवत्ताविहीन लोहे का प्रयोग किया गया। यदि मापदंडों के अनुरूप मजबूती से निर्माण कराया जाता तो शायद आज यह दिन देखने को न मिलता। जनचर्चा है कि निर्माण के नाम पर सिर्फ औपचारिकता निभाई गई और बंदरबांट करके शासकीय धन को ठिकाने लगा दिया गया।

पुलिया का ऊपरी हिस्सा भी बहा

स्थानीय सूत्रों और प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार, निर्माण के अगल-बगल बनाई गई सुरक्षा दीवार (बाउंड्री) और सुरक्षा संरचनाएं भी इतनी घटिया थीं कि पानी के बहाव के साथ बह गईं। पुलिया का ऊपरी हिस्सा पूरी तरह छिन्न-भिन्न हो चुका है। घाट निर्माण के ठीक सामने मुख्य रास्ते पर एक बहुत बड़ा और खौफनाक गड्ढा बन चुका है, जो किसी भी वक्त किसी बड़े हादसे या जनहानि का कारण बन सकता है। वर्तमान में बारिश का मौसम है और खेती-किसानी का मुख्य समय चल रहा है। ऐसे में रास्ता बंद होने और जानलेवा गड्ढों के उभर आने से किसानों, स्कूली बच्चों और आम नागरिकों का जनजीवन पूरी तरह अस्त-व्यस्त हो गया है। खेती का काम प्रभावित हो रहा है और आपातकालीन स्थिति में भी लोगों को जान जोखिम में डालकर सफर करना पड़ रहा है।

एक के बाद एक 3 पुलिया धराशाई

ग्राम पंचायत कठार में भ्रष्टाचार की यह कोई पहली दास्तान नहीं है। सूत्रों का दावा है कि पिछले सत्र में भी एक अन्य पुलिया का निर्माण कराया गया था, जो पानी के तेज बहाव में आकर ताश के पत्तों की तरह बह गई थी। अब तक एक ही क्षेत्र में तीन-तीन पुलिया और घाट निर्माण भ्रष्टाचार की बलि चढ़ चुके हैं। एक तरफ मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव विभिन्न जनकल्याणकारी योजनाओं के माध्यम से ग्रामीण क्षेत्रों का विकास करने और ग्रामीणों का पलायन रोकने के लिए हर संभव प्रयास कर रहे हैं, वहीं दूसरी तरफ मानपुर जनपद की ग्राम पंचायत कठार में बैठे जिम्मेदार अधिकारी और कर्मचारी मुख्यमंत्री की प्राथमिकताओं पर पलीता लगा रहे हैं। भ्रष्टाचार की इस अविरल धारा ने सरकार की साख पर गहरा धक्का लगाया है।

औचक निरीक्षण और दंडात्मक कार्रवाई की मांग

ग्राम पंचायत कठार के आक्रोशित ग्रामीणों ने कलेक्टर श्रीमती राखी सहाय, जिला पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी अभय सिंह ओहरिया एवं जनपद पंचायत मानपुर के मुख्य कार्यपालन अधिकारी अंकित सिरोठिया से मांग की है कि पटपहरा नाला सहित ग्राम पंचायत कठार में धराशाई हुई सभी क्षतिग्रस्त पुलियों और घाट निर्माण का तत्काल औचक निरीक्षण किया जाए। तकनीकी जांच कराकर तत्कालीन सचिव पीयूष सिंह, वर्तमान सचिव कपिल पटेल, संबंधित सरपंच और उपयंत्री की भूमिका की जांच हो तथा दोषी पाए जाने पर उनके खिलाफ शासकीय राशि के गबन का मामला दर्ज किया जाए। आवागमन चालू कराने के लिए युद्ध स्तर पर वैकल्पिक मार्ग एवं मरम्मत कार्य कराया जाए ताकि ग्रामीणों को असुविधा से मुक्ति मिल सके।

कलेक्टर की अध्यक्षता में टास्क फोर्स समिति की बैठक संपन्न

उमरिया। कलेक्टर श्रीमती राखी सहाय की अध्यक्षता में कलेक्टर सभागार में टास्क फोर्स समिति की बैठक संपन्न हुई ।कलेक्टर ने निर्देश दिए कि अवैध उत्खनन व अवैध परिवहन पर सतत कार्यवाही करें । खनिज व पुलिस विभाग राजस्व विभाग के सहयोग से निरंतर क्षेत्र भ्रमण कर अवैध उत्खनन व परिवहन करने वालों के विरूध्द कार्यवाही सुनिश्चित करें । बैठक में बताया गया कि जिले में अवैध उत्खनन के 6 प्रकरणों में से 5 प्रकरणों पर कार्यवाही करते हुए 7.75 लाख रूपये की वसूली की गई है। इसी तरह अवैध परिवहन के 59 प्रकरणों में से 47 प्रकरणों पर कार्यवाही करते हुए 33.43 लाख रूपये की वसूली हुई। इसी प्रकार अवैध भंडारण के 2 प्रकरणों में से एक प्रकरण का निराकरण करते हुए 0.12 लाख रूपये की वूसली की गई है। जिले मे लगातार खनिज के अवैध उत्खनन एवं परिवहन तथा भंडारण पर कार्यवाही की जा रही है। कलेक्टर ने कहा कि अवैध उत्खनन के जप्त वाहनों के राजसात की कार्यवाही करें तथा खनिज , राजस्व व पुलिस विभाग सतत भ्रमण कर अवैध उत्खनन व परिवहन के रोकथाम के संबंध में तत्परता पूर्वक कार्यवाही करें। इस अवसर पर मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत अभय सिंह, अपर कलेक्टर प्रमोद कुमार सेन गुप्ता, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक आलोक कुमार शर्मा, एसडीएम बांधवगढ अंबिकेश प्रताप सिंह, डिप्टी कलेक्टर कमलेश नीरज प्रिया अग्रवाल खनिज अधिकारी डा विद्याकांत तिवारी , जिला परिवहन अधिकारी रमा दुबे सहित संबंधित विभागीय अधिकारी उपस्थित रहे।

पात्र हितग्राहियों को शासकीय योजनाओं का शत प्रतिशत लाभ दिलाया जाना सुनिश्चित करें: कलेक्टर

बारिश से क्षतिग्रस्त सड़कों के मरम्मत का कार्य तत्काल कराएं: कलेक्टर

मुख्यमंत्री जन विश्वास शिविर आयोजन से पूर्व पाली विकासखंड की शिकायतों का दो दिन में करें निराकरण

उमरिया। कलेक्टर श्रीमती राखी सहाय की अध्यक्षता में कलेक्ट्रेट सभागार में समय सीमा बैठक आयोजित की गई। बैठक में सीएम हेल्पलाइन सहित विभिन्न विभागों के लंबित प्रकरणों की समीक्षा कर अधिकारियों को समयबद्ध एवं गुणवत्तापूर्ण निराकरण सुनिश्चित करने के निर्देश दिए गए। उन्होंने कहा कि सभी विभाग शासन की योजनाओं का पात्र हितग्राहियों को शत प्रतिशत लाभ दिलाएं । आगामी 21 अगस्त को पाली विकासखंड में मुख्यमंत्री जन विश्वास शिविर का आयोजन किया जाएगा । शिविर आयोजन से पूर्व शिकायतों का आगामी दो दिन में समाधान कारक निराकरण सुनिश्चित कराएं। उन्होंने सडक़ निर्माण विभाग के अधिकारियों को निर्देशित किया कि वर्षा के कारण शहरी एवं ग्रामीण क्षेत्रों की क्षतिग्रस्त सडक़ो की मरम्मत का कार्य प्राथमिकता से कराएं। उन्होने अधिकारियों को निर्देशित किया कि भ्रमण कर सडक़ो की स्थिति को देखे तथा निर्माणाधीन पुल, पुलियों के वैकल्पिक मार्ग का भी निर्धारण सुनिश्चित करें।कलेक्टर ने कहा कि सीएम हेल्पलाइन सहित समय सीमा के प्रकरणों का नियत तिथि तक निराकरण किया जाना सुनिश्चित करें तथा मुख्यमंत्री जन विश्वास अभियान में शिविर आयोजन के दौरान प्राप्त होने वाली शिकायतों का समुचित निराकरण कराएं । राजस्व प्रकरणों के निराकरण में तत्परता बरतें। उन्होंने गत जुलाई माह के सीएम हेल्पलाइन की शिकायतों को आगामी दो दिन में निराकृत करने के निर्देश विभागीय अधिकारियों को दिए। उन्होंने अगस्त एवं सितंबर माह के खाद्यान्न का शत प्रतिशत वितरण हितग्राहियों को किए जाने हेतु निर्देशित किया । कलेक्टर ने कहा कि श्रमयोगी मान धन योजना में रजिस्ट्रेशन कराएं । उन्होने राजस्व आदेश होने के उपरांत संबंधित रिकार्ड में अमल किए जाने के भी निर्देश दिए। टी एल बैठक में अनुपस्थित रहने पर रणविजय महाविद्यालय के प्राचार्य को नोटिस दिए जाने के निर्देश कलेक्टर व्दारा दिए गए ।उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री कार्यालय एवं कमिश्नर कार्यालय से प्राप्त शिकायतों का तत्परता पूर्वक निराकरण कराएं । कोई भी शिकायत अन अटेंडेंट स्थिति में न रहे। इस अवसर पर सीईओ जिला पंचायत अभय सिंह, अपर कलेक्टर प्रमोद कुमार सेन गुप्ता, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक आलोक कुमार शर्मा, एसडीएम बांधवगढ़ अंबिकेश प्रताप सिंह, डिप्टी कलेक्टर कमलेश नीरज, प्रिया अग्रवाल सहित विभिन्न विभागों के जिला स्तरीय अधिकारी उपस्थित रहे।

पसान में शान से लहराया तिरंगा, हजारों लोगों की मौजूदगी में मनाया गया स्वतंत्रता दिवस

अध्यक्ष राम अवध सिंह ने दिया जनता के नाम भावुक संदेश

हरिभूमि न्यूज बदरा/जमुना। नगर पालिका परिषद पसान में स्वतंत्रता दिवस की 80वीं वर्षगांठ हर्षोल्लास और देशभक्ति के वातावरण में भव्य रूप से मनाई गई। नगर पालिका परिषद परिसर में आयोजित समारोह में हजारों की संख्या में नागरिकों की मौजूदगी रही। पूरा परिसर तिरंगे के रंग में रंगा नजर आया और देशभक्ति के नारों से गूंजता रहा। कार्यक्रम की शुरुआत महात्मा गांधी की प्रतिमा पर पुष्प अर्पित कर की गई इसके बाद नगर पालिका परिषद के अध्यक्ष राम अवध सिंह ने ध्वजारोहण किया। राष्ट्रगान के सामूहिक गायन के बाद उन्होंने मध्यप्रदेश के मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव का जनता के नाम संदेश का वाचन किया। इसके बाद स्थानीय विद्यालयों के छात्र-छात्राओं ने रंगारंग सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किए। बच्चों ने छत्तीसगढ़ी और भोजपुरी नृत्य, देशभक्ति गीतों सहित विभिन्न प्रस्तुतियां दीं। पुलवामा हमले की घटना का सचित्र मंचन भी विद्यार्थियों द्वारा किया गया, जिसने उपस्थित लोगों को भावुक कर दिया। कार्यक्रम में प्रस्तुतियों को दर्शकों ने खूब सराहा। स्वतंत्रता दिवस समारोह के दौरान विभिन्न क्षेत्रों में उत्कृष्ट कार्य करने वालों को सम्मानित किया गया मेधावी विद्यार्थियों को पुरस्कार देकर उनकी प्रतिभा को प्रोत्साहित किया गया आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं और नगर पालिका के सफाई कर्मचारियों को भी सम्मानित किया गया। समारोह में कुछ दिन पूर्व केवई नदी में 12 वर्षीय बच्चे के डूबने की दुखद घटना के बाद शव को नदी से बाहर निकालने में साहस और मानवीय संवेदना का परिचय देने वाले गोताखोर रामेश्वर केवट को भी सम्मानित किया गया उनके साहस और तत्परता की उपस्थित लोगों ने सराहना की। नगर पालिका अध्यक्ष राम अवध सिंह ने स्वतंत्रता दिवस के अवसर पर नगरवासियों को संबोधित करते हुए कहा कि स्वतंत्रता दिवस केवल तिरंगा फहराने और कार्यक्रम मनाने का दिन नहीं है, बल्कि यह उन वीर शहीदों को याद करने का दिन है जिन्होंने देश की आजादी के लिए अपना सर्वस्व न्योछावर कर दिया। उन्होंने कहा कि "पसान मेरा अपना परिवार है और यहां रहने वाला प्रत्येक नागरिक मेरे लिए परिवार के सदस्य की तरह है नगर की जनता ने जिस विश्वास के साथ मुझे सेवा का अवसर दिया है, उस विश्वास को कभी टूटने नहीं दूंगा पद मेरे लिए सम्मान से ज्यादा जिम्मेदारी है और जनता की सेवा मेरे लिए सबसे बड़ा धर्म है। राम अवध सिंह ने कहा कि नगर का विकास केवल सड़क, नाली और भवन बनाने तक सीमित नहीं है। हमारा प्रयास होना चाहिए कि पसान का हर बच्चा अच्छी शिक्षा पाए, युवाओं को आगे बढ़ने के अवसर मिलें, महिलाओं को सम्मान और आत्मनिर्भरता मिले, बुजुर्गों को सुविधाएं मिलें और जरूरतमंद व्यक्ति को शासन की योजनाओं का लाभ समय पर मिले। उन्होंने भावुक होते हुए कहा कि जब नगर का कोई बच्चा सफलता हासिल करता है, किसी गरीब परिवार के घर में खुशियां आती हैं, किसी बुजुर्ग को सहायता मिलती है या हमारे सफाई कर्मचारी ईमानदारी से नगर को स्वच्छ रखने में अपना पसीना बहाते हैं, तब मुझे लगता है कि नगर पालिका में जिम्मेदारी संभालना सार्थक है।

संगठनात्मक बैठक के साथ मनाई गई पूर्व प्रधानमंत्री अटल बिहारी वाजपेयी की पुण्यतिथि

हरिभूमि न्यूज अनूपपुर। भारतीय जनता पार्टी जिला कार्यालय अनूपपुर में 16 अगस्त को संगठनात्मक बैठक का आयोजन भाजपा जिला प्रभारी संजय साहू एवं भाजपा जिलाध्यक्ष हीरा सिंह श्याम की उपस्थिति में किया गया। बैठक में जिला पदाधिकारी, विभिन्न मोर्चा एवं प्रकोष्ठों के पदाधिकारी तथा पार्टी के कार्यकर्ता उपस्थित रहे। बैठक के दौरान संगठन के वर्तमान कार्यों एवं गतिविधियों की समीक्षा की गई। साथ ही आगामी संगठनात्मक कार्यक्रमों को लेकर विस्तृत चर्चा करते हुए उनकी रूपरेखा तैयार की गई। पदाधिकारियों एवं कार्यकर्ताओं को संगठन को और अधिक मजबूत एवं सक्रिय बनाने के लिए आवश्यक दिशा-निर्देश भी दिए गए। बैठक के पश्चात भारत के पूर्व प्रधानमंत्री एवं भारत रत्न से सम्मानित श्रद्धेय पंडित अटल बिहारी वाजपेयी की पुण्यतिथि मनाई गई। भाजपा पदाधिकारियों एवं कार्यकर्ताओं ने उनके चित्र पर पुष्पांजलि अर्पित कर उन्हें श्रद्धापूर्वक नमन किया। इस अवसर पर भाजपा जिला प्रभारी संजय साहू ने अटल बिहारी वाजपेयी के व्यक्तित्व एवं कृतित्व पर प्रकाश डालते हुए कहा कि अटल जी भारतीय राजनीति के ऐसे महान व्यक्तित्व थे, जिन्होंने अपने विचारों, सिद्धांतों और राष्ट्रसेवा के माध्यम से राजनीति को नई दिशा दी। उनका जीवन राष्ट्रभक्ति, लोकतांत्रिक मूल्यों, सुशासन और संगठन के प्रति समर्पण की प्रेरणा देता है। उन्होंने कहा कि अटल जी का जीवन और उनके विचार आज भी प्रत्येक कार्यकर्ता के लिए प्रेरणास्रोत हैं। भाजपा जिलाध्यक्ष हीरा सिंह श्याम ने कहा कि अटल बिहारी वाजपेयी का संपूर्ण जीवन राष्ट्र के लिए समर्पित रहा। वे एक कुशल राजनेता होने के साथ-साथ ओजस्वी वक्ता, संवेदनशील कवि और उत्कृष्ट संसदविद् थे। उन्होंने भारतीय राजनीति में शुचिता, सिद्धांत और राष्ट्रहित को सर्वोच्च स्थान दिया। अटल जी के विचार और आदर्श भाजपा कार्यकर्ताओं को निरंतर राष्ट्रसेवा के लिए प्रेरित करते रहेंगे। कार्यक्रम में उपस्थित सभी पदाधिकारियों एवं कार्यकर्ताओं ने अटल जी के आदर्शों पर चलने तथा संगठन को मजबूत करते हुए राष्ट्रहित में कार्य करने का संकल्प लिया। उपरोक्त जानकारी भाजपा जिला मीडिया प्रभारी राजेश सिंह द्वारा दी गई।

स्वतंत्रता दिवस पर राजनगर में शान से लहराया तिरंगा, सांस्कृतिक कार्यक्रमों ने बांधा समां

हरिभूमि न्यूज राजनगर। नगर परिषद बनगवां (राजनगर) में स्वतंत्रता दिवस समारोह हर्षोल्लास एवं देशभक्ति के माहौल में मनाया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता नगर परिषद अध्यक्ष यशवंत सिंह ने की। नगर के वरिष्ठ नागरिक रामकुमार तिवारी ने ध्वजारोहण किया। इसके बाद राष्ट्रगान हुआ तथा मुख्यमंत्री के संदेश का वाचन भाजपा के पूर्व मंडल अध्यक्ष राजेंद्र त्रिपाठी ने किया। मुख्यमंत्री के संदेश के बाद आयोजित सांस्कृतिक कार्यक्रम समारोह का प्रमुख आकर्षण रहे। बाल कलाकारों ने देशभक्ति एवं सांस्कृतिक प्रस्तुतियां देकर उपस्थित लोगों का मन मोह लिया। उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले बच्चों को जनप्रतिनिधियों द्वारा प्रोत्साहन राशि देकर सम्मानित किया गया, जिससे बाल कलाकारों में खासा उत्साह देखने को मिला। वक्ताओं ने स्वतंत्रता दिवस के इतिहास और देश की आजादी के महत्व पर प्रकाश डाला। कार्यक्रम के दौरान शासन की विभिन्न जनकल्याणकारी योजनाओं के लाभार्थियों को अतिथियों द्वारा प्रमाण-पत्र वितरित किए

गए। समारोह में नगर परिषद उपाध्यक्ष धनंजय सिंह, भाजपा मंडल अध्यक्ष कमलेश चतुर्वेदी, भाजपा के वरिष्ठ नेता गजेंद्र सिंह सिकरवार, सांसद प्रतिनिधि मनोज सिंह, पिछड़ा मोर्चा जिला अध्यक्ष धर्मेंद्र सिंह, पूर्व मंडल अध्यक्ष सुरेश गौतम, पूर्व जिला महिला मोर्चा अध्यक्ष श्रीमती सुनीता सिंह, सचिन द्विवेदी, महामंत्री सहित नगर परिषद के पार्षद, एल्डरमैन , पंकज कुमार शर्मा मंडल मीडिया प्रभारी एवं अन्य जनप्रतिनिधि मौजूद रहे। कार्यक्रम के अंत में मुख्य नगर पालिका अधिकारी लखन लाल पनिका ने नगर परिषद द्वारा कराए गए विकास कार्यों की जानकारी देते हुए नगर के विकास में सभी से सहयोग की अपील की। उन्होंने उपस्थित अतिथियों एवं नागरिकों का आभार व्यक्त किया। कार्यक्रम के समापन के बाद उपस्थित लोगों को मिष्ठान वितरित किया गया। समारोह में नगर के नागरिकों, जनप्रतिनिधियों, पत्रकारों, नगर परिषद कर्मचारियों, महिलाओं, बच्चों एवं व्यापारियों ने सहभागिता की।

खबर संक्षेप

स्वास्थ्य विभाग ने एचपी पैथोलॉजी को किया सील

ब्यौहारी। नगर परिषद के अंतर्गत गोपाल मेडिकल के सामने संचालित एचपी पैथोलॉजी को 14/08/26 को स्वास्थ्य विभाग ने कार्रवाई करते हुए सील कर दिया आपको बताते चलेंकी यहां पर डॉ उमेश द्विवेदी को पैथोलॉजी संचालक द्वारा बैठाया गया था और पैथोलॉजी के साथ अवैध क्लिनिक भी चलाई जा रही थी डॉ उमेश द्विवेदी का पंजीयन नहीं था एचपी पैथोलॉजी द्वारा दो जगह पैथोलॉजी संचालित की जा रही थी और दोनों जगह डॉ को बैठाकर मरीज देखे जा रहे थे गोदवाल तिराहा में डॉक्टर देवेंद्र पटेल की पैथोलॉजी में बैठते हैं उनके द्वारा भी अपना पंजीयन स्वास्थ्य विभाग में नहीं कराया है। अवैध रूप से मरीजों को देखकर बॉटल लगाया जाता है। अब देखना यही की और किस-किस पर कार्रवाई होती है। अभी भी कई पैथोलॉजी अबैध रूप से चल रही उन पर कारवाई कब होती है इस बात का इंतजार है।

ओपीएम सुरक्षा अधिकारी रवि शर्मा को पितृ शोक

अमलाई। ओपीएम के सुरक्षा अधिकारी रवि शर्मा के पिता स्व. मनोहर लाल शर्मा का सोमवार सुबह 4 बजे आकस्मिक निधन हो गया। उनके निधन की खबर से परिजनों एवं शुभचिंतकों में शोक की लहर है। स्व. शर्मा का अंतिम संस्कार मंगलवार सुबह 10 बजे निज निवास शहडोल से किया जाएगा।

नाग पंचमी पर डोला में भव्य कुश्ती प्रतियोगिता

राजनगर। नाग पंचमी के पावन अवसर पर नगर परिषद डोला में भव्य कुश्ती प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। प्रतियोगिता में देश के विभिन्न राज्यों से पहुंचे पहलवानों ने हिस्सा लिया और अखाड़े में अपने दमखम, शानदार दांव-पेंच एवं कुश्ती कौशल का प्रदर्शन किया। पहलवानों के बीच हुए रोमांचक मुकाबलों को देखने के लिए नगर सहित आसपास के क्षेत्रों से बड़ी संख्या में लोग आयोजन स्थल पर पहुंचे। कुश्ती प्रतियोगिता का आयोजन मुख्य नगर पालिका अधिकारी लखनलाल पनिका के मार्गदर्शन तथा नगर परिषद अध्यक्ष श्रीमती रीनू सुरेश कोल एवं उपाध्यक्ष रविशंकर तिवारी की अध्यक्षता में संपन्न हुआ। अखाड़े में पहलवानों के बीच जोरदार मुकाबले देखने को मिले। प्रत्येक मुकाबले के दौरान दर्शकों ने तालियों और उत्साहवर्धन के साथ पहलवानों का मनोबल बढ़ाया। प्रतियोगिता में विभिन्न राज्यों से आए पहलवानों की सहभागिता ने आयोजन को विशेष आकर्षण प्रदान किया। कुश्ती के रोमांचक मुकाबलों का दर्शकों ने देर तक आनंद लिया। आयोजन स्थल पर खेल प्रेमियों के साथ नगर के जनप्रतिनिधि, पार्षद, एल्डरमैन, गणमान्य नागरिक और विभिन्न वार्डों से बड़ी संख्या में नागरिक मौजूद रहे। कार्यक्रम की व्यापक कवरेज में क्षेत्र के पत्रकारों की भी महत्वपूर्ण भूमिका रही। डिजिटल एवं प्रिंट मीडिया के माध्यम से प्रतियोगिता की गतिविधियों और आयोजन की जानकारी आमजन तक पहुंचाई गई। आयोजन को सफल बनाने में नगर परिषद के अधिकारी-कर्मचारियों का महत्वपूर्ण योगदान रहा। उन्होंने आयोजन स्थल की व्यवस्थाओं सहित विभिन्न जिम्मेदारियों का निर्वहन करते हुए कार्यक्रम को व्यवस्थित एवं सफल बनाने में सहयोग किया। कार्यक्रम के समापन पर नगर परिषद परिवार की ओर से प्रतियोगिता में शामिल सभी पहलवानों, जनप्रतिनिधियों, पत्रकारों, गणमान्य नागरिकों एवं नगरवासियों के प्रति आभार व्यक्त किया गया।

सुभाष स्टेडियम में जीएम वीके जेना ने फहराया तिरंगा, विद्यार्थियों की देशभक्ति प्रस्तुतियों ने बांधा समां

तिरंगे की शान के साथ गूंजा सोहागपुर कोयलांचल: उत्पादन सुरक्षा और विकास के संकल्प ने बढ़ाया स्वतंत्रता दिवस का गौरव

अमलाई ओसीएम में आरकेटीसी सुरक्षा के साथ ओवी-कोयला उत्पादन कर लक्ष्य की ओर अग्रसर

धनपुरी। आजादी की 80वीं वर्षगांठ पर 15 अगस्त को धनपुरी नगर सहित पूरा सोहागपुर कोयलांचल राष्ट्रभक्ति के रंग में रंगा नजर आया। एसईसीएल सोहागपुर एरिया मुख्यालय से लेकर सभी उपक्षेत्रों और खदानों तक स्वतंत्रता दिवस पूरे उत्साह, गरिमा और श्रद्धा के साथ मनाया गया। जगह-जगह तिरंगा शान से लहराया और राष्ट्रगान की गूंज के बीच अधिकारियों, कर्मचारियों एवं श्रमवीरों ने राष्ट्र के प्रति समर्पण का संकल्प लिया।

सुभाष स्टेडियम में दिखी देशभक्ति की अद्भुत झलक

धनपुरी के सुभाष स्टेडियम, कालरी नंबर-3 में आयोजित मुख्य समारोह में एसईसीएल सोहागपुर एरिया के मुख्य महाप्रबंधक वीके जेना ने ध्वजारोहण किया। राष्ट्रगान के दौरान पूरा स्टेडियम देशभक्ति की भावना से ओतप्रोत नजर आया।

इसके बाद स्कूली छात्र-छात्राओं ने देशभक्ति गीतों और सांस्कृतिक कार्यक्रमों की मनमोहक प्रस्तुतियां दीं। विद्यार्थियों की प्रस्तुतियों पर उपस्थित लोगों ने तालियों से उत्साहवर्धन किया। समारोह में बच्चों की प्रतिभा और देशभक्ति का उत्साह विशेष आकर्षण का केंद्र रहा।

'लक्ष्य पूरा कर लाभ की ओर बढ़ रहा सोहागपुर एरिया'

समारोह को संबोधित करते हुए जीएम वीके जेना ने कहा कि सोहागपुर एरिया को उत्पादन के क्षेत्र में निरंतर आगे ले जाना है और इसे लाभ की दिशा में मजबूत बनाना सामूहिक लक्ष्य है। इसके लिए सभी अधिकारियों, कर्मचारियों और श्रमवीरों को पूरी निष्ठा से कार्य करना होगा।

उन्होंने कहा कि उत्पादन जितना जरूरी है, श्रमिकों की सुरक्षा उससे कहीं अधिक महत्वपूर्ण है। सुरक्षा मानकों का पालन करते हुए उत्पादन बढ़ाना ही एरिया की प्राथमिकता है।

रामपुर-बटुरा प्रोजेक्ट में रोजगार की प्रक्रिया जारी

जीएम जेना ने रामपुर-बटुरा मेगा प्रोजेक्ट की जानकारी देते हुए कहा कि किसानों से ली गई जमीन के बदले पात्र लोगों को नौकरी देने की प्रक्रिया जारी है। शेष पात्र लोगों को भी जल्द रोजगार उपलब्ध कराने का प्रयास किया जा रहा है।

उन्होंने कहा कि परियोजना के माध्यम से क्षेत्र में रोजगार और आर्थिक गतिविधियों को गति मिलने की उम्मीद है।

अमलाई ओसीएम : सुरक्षा के साथ ओवी-कोयला उत्पादन की रफ्तार

अमलाई ओसीएम स्वतंत्रता दिवस के अवसर पर विशेष चर्चा में रही। यहां उपक्षेत्रीय प्रबंधक मनीष सिंह के नेतृत्व में समारोह आयोजित किया गया।

अमलाई ओसीएम में आरकेटीसी कंपनी द्वारा सुरक्षा को सर्वोच्च प्राथमिकता देते हुए ओवी और कोयला निकासी का कार्य किया जा रहा है। कंपनी अपने निर्धारित उत्पादन लक्ष्य को पूरा करने की दिशा में लगातार आगे बढ़ रही है। उत्पादन के साथ सुरक्षा मानकों का पालन सुनिश्चित करने पर विशेष जोर है। आरकेटीसी को खान प्रबंधन का पूरा सहयोग और बेहतर समन्वय मिल रहा है। प्रबंधन और कंपनी के बीच तालमेल के कारण ओवी हटाने और कोयला उत्पादन की गतिविधियां व्यवस्थित ढंग से आगे बढ़ रही हैं। कंपनी मैनेजर वेंकटेश्वर रेड्डी ने स्वतंत्रता दिवस पर कर्मचारियों को शुभकामनाएं देते हुए कहा कि सुरक्षित कार्यप्रणाली के साथ उत्पादन लक्ष्य हासिल करना ही प्राथमिकता है। उन्होंने कर्मचारियों से सुरक्षा नियमों का पालन करते हुए पूरी जिम्मेदारी के साथ कार्य करने का आह्वान किया।

राजेन्द्रा माइंस में सुरक्षा का संदेश

राजेन्द्रा भूमिगत माइंस में खान प्रबंधक बी. बालाकृष्णा ने ध्वजारोहण किया। उपस्थित अधिकारी-कर्मचारियों और श्रमवीरों को स्वतंत्रता दिवस की शुभकामनाएं दी गईं। उन्होंने कहा कि भूमिगत खदानों में सुरक्षा सर्वोच्च विषय है। प्रत्येक कर्मचारी को सुरक्षा नियमों का पालन करते हुए कार्य करना चाहिए, ताकि उत्पादन के साथ श्रमिकों की सुरक्षित घर वापसी भी सुनिश्चित हो सके।

खदानों में तिरंगे को सलामी, श्रमवीरों में दिखा उत्साह

सोहागपुर एरिया की अन्य इकाइयों में भी स्वतंत्रता दिवस पर कार्यक्रम आयोजित किए गए। अधिकारियों एवं कर्मचारियों ने ध्वजारोहण कर राष्ट्रगान गाया और देश के विकास में योगदान देने का संकल्प लिया। विभिन्न स्थानों पर कर्मचारियों का मुंह मीठा कराया गया। मुख्य समारोह में जीएम वीके जेना, सभी उपक्षेत्रीय प्रबंधक, खान प्रबंधक, अमलाई ओसीएम के उपक्षेत्रीय प्रबंधक मनीष सिंह, राजेन्द्रा माइंस के खान प्रबंधक बी. बालाकृष्णा, बंगवार माइंस के उपक्षेत्रीय प्रबंधक संजय सिंह, खान प्रबंधक राजू अग्रवाल, जेसीसी एवं वेलफेयर बोर्ड सदस्य, सेफ्टी सदस्य तथा विभिन्न विभागों के अधिकारी-कर्मचारी मौजूद रहे।

'सुरक्षित उत्पादन ही सच्ची प्रगति' का संदेश

स्वतंत्रता दिवस के अवसर पर सोहागपुर कोयलांचल में देशभक्ति के साथ एक स्पष्ट संदेश भी सामने आया—कोयला उत्पादन की रफ्तार बढ़े, लेकिन सुरक्षा की कीमत पर नहीं। अमलाई ओसीएम में आरकेटीसी द्वारा ओवी एवं कोयला उत्पादन में लक्ष्य की ओर बढ़ना और खान प्रबंधन का सहयोग इस दिशा में महत्वपूर्ण माना जा रहा है। पूरे कोयलांचल में तिरंगे की शान, राष्ट्रगान की गूंज और श्रमवीरों का उत्साह स्वतंत्रता दिवस की गरिमा को और बढ़ाता नजर आया। देश की ऊर्जा जरूरतों को पूरा करने वाले कोयला श्रमिकों ने सुरक्षित उत्पादन के संकल्प के साथ राष्ट्र निर्माण में अपनी भूमिका निभाने का संदेश दिया।

धनपुरी में शान से लहराया तिरंगा देशभक्ति से सराबोर हुआ नगर

विधायक जयसिंह मरावी ने किया मुख्यमंत्री के संदेश का वाचन नपा अध्यक्ष रविन्दर कौर छाबड़ा की अध्यक्षता में हुआ मुख्य समारोह

धनपुरी। स्वतंत्रता दिवस पर 15 अगस्त को धनपुरी नगर देशभक्ति के रंग में रंगा नजर आया। नगर पालिका परिषद द्वारा राष्ट्रीय पर्व हर्षोल्लास एवं गरिमामय वातावरण में मनाया गया। मुख्य समारोह में जैतपुर विधायक जयसिंह मरावी मुख्य अतिथि रहे, जबकि अध्यक्षता नपा अध्यक्ष श्रीमती रविन्दर कौर छाबड़ा ने की। उपाध्यक्ष हनुमान खण्डेलवाल सहित पार्षद, अधिकारी-कर्मचारी, विद्यार्थी एवं बड़ी संख्या में नागरिक उपस्थित रहे।

कार्यक्रम का शुभारंभ भारत माता एवं महात्मा गांधी के चित्र पर माल्यार्पण एवं दीप प्रज्ज्वलन से हुआ। नपा कार्यालय में मुख्य नगर पालिका अधिकारी अमित कुमार तिवारी तथा स्वामी विवेकानंद बाजार रंगमंच पर अध्यक्ष रविन्दर कौर छाबड़ा ने ध्वजारोहण किया। राष्ट्रगान के बाद विधायक जयसिंह मरावी ने मुख्यमंत्री के संदेश का वाचन करते हुए स्वतंत्रता सेनानियों एवं शहीदों के बलिदान को याद किया तथा राष्ट्रहित में योगदान देने का आह्वान किया।

समारोह में विभिन्न विद्यालयों के छात्र-छात्राओं ने देशभक्ति एवं भारतीय संस्कृति पर आधारित रंगारंग प्रस्तुतियां दीं। छत्तीसगढ़ी लोकनृत्य ने विशेष आकर्षण बटोरा और दर्शकों ने तालियों से बच्चों का उत्साहवर्धन किया।

आयुष औषधालय में भी हुआ ध्वजारोहण

शासकीय आयुष होम्योपैथिक औषधालय धनपुरी में वार्ड पार्षद आनंद कचेर ने ध्वजारोहण किया। इस अवसर पर नवनियुक्त पार्षद जनक दुलारी केवट, पूर्व पार्षद मैकी बाई, पत्रकार लक्ष्मण सोनी, सुखलाल सिंह, शिवमंगल सिंह सहित गणमान्य नागरिक उपस्थित रहे। सभी ने शहीदों को नमन करते हुए राष्ट्र की एकता, अखंडता और विकास में योगदान का सतिरंगे की शान, राष्ट्रगान की गूंज और बच्चों की शानदार प्रस्तुतियों ने धनपुरी के स्वतंत्रता दिवस समारोह को यादगार बना दिया।

लीनेस क्लब बुढ़ार ने सुभाष चंद्र बालिका छात्रावास में मनाया स्वतंत्रता दिवस

धनपुरी। लीनेस क्लब बुढ़ार द्वारा सुभाष चंद्र बालिका छात्रावास में स्वतंत्रता दिवस के अवसर पर देशभक्ति से ओत-प्रोत कार्यक्रम एवं देशभक्ति प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में छात्रावास की छात्राओं ने उत्साहपूर्वक भाग लेते हुए देशभक्ति गीत एवं विभिन्न प्रस्तुतियाँ दीं। प्रतियोगिता में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाली छात्राओं को क्लब की ओर से पुरस्कार देकर सम्मानित किया गया तथा सभी प्रतिभागियों का उत्साहवर्धन किया गया। इस अवसर पर छात्रावास में बूंदी का भी वितरण किया गया कार्यक्रम का उद्देश्य बच्चों में देशप्रेम, राष्ट्र के प्रति सम्मान और जिम्मेदारी की भावना को जागृत करना रहा।इस अवसर पर क्लब अध्यक्ष बिंदा भगत ने छात्राओं को संबोधित करते हुए कहा कि हमारा देश हमारी पहचान और हमारा गौरव है। हमें उन वीर स्वतंत्रता सेनानियों के त्याग और बलिदान को हमेशा याद रखना चाहिए, जिनके संघर्ष से हमें स्वतंत्रता मिली। देश का भविष्य हमारे बच्चे हैं, इसलिए आप मन लगाकर पढ़ें, अच्छे संस्कार अपनाएँ, अपने माता-पिता एवं गुरुजनों का सम्मान करें और एक जिम्मेदार नागरिक बनें। देश की सेवा केवल बड़े कार्यों से नहीं, बल्कि अपने छोटे-छोटे अच्छे कार्यों और ईमानदार जिम्मेदारियों को निभाने से भी होती है। कार्यक्रम के दौरान छात्रावास की शिक्षिकाओं एवं क्लब सदस्यों ने भी बच्चों का उत्साह बढ़ाया। कार्यक्रम में लीनेस क्लब की सचिव अंजू दुआ,कोषाध्यक्ष ली. अर्चना ओझा सहित ली .स्नेहलता गुप्ता, ली. शैला गुप्ता, ली. नागमणि मानिकपुरी, ली.ज्योति खनूजा, ली. प्रतिमा जैन, ली. मोनिका अग्रवाल,ली. सरिता अग्रवाल ,ली. आरती खनूजा,ली. अंजना जैन उपस्थित रही। सभी ने छात्राओं की प्रस्तुतियों की सराहना करते हुए उन्हें स्वतंत्रता दिवस की शुभकामनाएँ दीं।क्लब के इस प्रयास की छात्रावास प्रबंधन एवं बालिकाओं ने सराहना की।कार्यक्रम राष्ट्रप्रेम, उत्साह और उमंग के वातावरण में संपन्न हुआ।

ग्राम पंचायत मऊ में निकाली गई यात्रा

ब्यौहारी। जनपद पंचायत व्यवहारी के अंतर्गत ग्राम पंचायत मऊ सरपंच जानकी राठौर के नेतृत्व में तिरंगा यात्रा निकाली गई यात्रा के पश्चात मंचीय कार्यक्रम का आयोजन किया गया जिसमें भारत की स्वतंत्रता दिवस के बारे में प्रकाश डालते हुए समाजसेवी द्वारिका राठौर ने कहा कि यह आजादी हमें लाखों देशभक्ति के कुर्बानी से मिली है इस देश को अब आगे बढ़ना ही हमारा कर्तव्य हर एक बच्चे को अच्छी शिक्षा मिले अच्छा स्वास्थ्य मिले रोजगार मिले यह हम सब का लक्ष्य होना चाहिए कार्यक्रम में समाजसेवी द्वारिका राठौर, सचिव प्रसून सिंह एवं सैकड़ो ग्रामीण सम्मिलित हुए।

व्यापारी संघ द्वारा किया गया ध्वजारोहण

ब्यौहारी। नगर परिषद के अंतर्गत व्यापारिक संघ द्वारा अमर पैलेस के पास स्वतंत्रता दिवस का कार्यक्रम आयोजित किया गया इस अवसर पर व्यापारी संघ के अध्यक्ष राजेंद्र गुप्ता ने ध्वजारोहण किया कार्यक्रम में कई वक्ताओं में व्यापारियों को एक रहने की नसीहत दी कार्यक्रम को संबोधित करते हुए ओमप्रकाश गुप्ता राजू ने कहा कि हम सब व्यापारियों को एक रहना चाहिए ब्लॉक अध्यक्ष ने कहा कि सब मिलकर अपना व्यापार करें एक दूसरे की टांग न खींचे पुर शहडोल जिले में व्यवहारी के व्यापारी ईमानदारी से अपना टैक्स भरते हैं गरीब यदि आपके दुकान में आता है तो उसकी मदद करें कार्यक्रम का संचालन गिरधारी लाल बजाज ने किया कार्यक्रम में प्रमुख रूप से मनीष आसुदानी सचिव, लकी पिंजानी, जयप्रकाश गुप्ता, निखिल आडवाणी, सही सैकड़ो व्यापारिक कार्यक्रम में सम्मिलित हुए कार्यक्रम के बाद ब्यौहारी- संघ द्वारा उप जेल व्यवहारी में कैदियों को मिष्ठान वितरण किया गया।

खराब सड़कों के कारण दुर्घटना होने पर संबंधित सड़क निर्माण विभाग के अधिकारी होंगे जिम्मेदार: कलेक्टर

सडक़ सुरक्षा समिति की बैठक संपन्न

उमरिया। कलेक्टर श्रीमती राखी सहाय की अध्यक्षता में सडक़ सुरक्षा समिति की बैठक आयोजित की गई। इस अवसर पर कलेक्टर ने कहा कि खराब सडको के कारण दुर्घटना में किसी की मृत्यु होती है तो संबंधित निर्माण विभाग के अधिकारियो के विरूध्द कार्यवाही की जाएगी। उन्होने कहा कि सडक निर्माण विभाग के अधिकारी दुर्घटना संभावित स्थल से पूर्व सावधानी से संबंधित संकेतक लगाएं तथा खराब सडक़ो का आगामी 10 दिन मे अभियान चलाकर सुधार कार्य कराएं। उन्होंने स्पष्ट किया कि यदि नियत समय में विभागीय अधिकारियों व्दारा निर्देशों का पालन नही किया गया तो संबंधितों के विरूद्ध कड़ी अनुशासनात्मक कार्यवाही की जाएगी। कलेक्टर सभागार में आयोजित बैठक में कलेक्टर ने विभागीय अधिकारियों को निर्देश दिए कि वर्षा काल में जिले की सभी सडक़ो को दुरूस्त रखा जाए तथा क्षतिग्रस्त सडक़ो व पुल पुलियों के सुधार का कार्य लगातार जारी रखें ताकि कहीं से भी पहुंच मार्ग खराब होने की शिकायतें न प्राप्त हो। बैठक में कलेक्टर ने राष्ट्रीय राजमार्ग, प्रधानमंत्री ग्राम सडक़ योजना, एमपीआरडीसी तथा एन एच ए आई के अधिकारियों को निर्देशित किया कि उनके क्षेत्राधिकार की सभी सडक़े नियत समय में दुरूस्त कराएं। गति सीमा निर्धारण के बोर्ड लगाएं तथा गत सुरक्षा समिति की बैठक में लिए गए निर्णयों का पालन प्रतिवेदन आगामी बैठक से पूर्व प्रस्तुत करें। उन्होंने सडक़ के ब्लैक स्पॉट की सूची प्रस्तुत करनें और वहां लगाए जाने वाले संकेतको की जानकारी देने के निर्देश विभागीय अधिकारियों को दिए।

उन्होंने शहडोल मार्ग में निर्माणाधीन आरओबी के किनारें बनाएं गए वैकल्पिक मार्ग को तत्काल सुधार करानें के निर्देश दिए। उन्होंने विभागीय अधिकारियों से कहा कि जल मग्न होने वाले पुल पुलियों में संकेतक लगाए जाए तथा जहां भी पुल पुलियो का निर्माण हो रहा है उसके बगल से बनाए गए वैकल्पिक मार्ग को यातायात हेतु सुगम बनाएं।

कलेक्टर ने शहरी क्षेत्रों मे निर्मित फुटपाथ पर लगाई जाने वाली दुकानों को व्यवस्थित ढंग से लगवाने के निर्देश अधिकारियों को दिए ताकि फुटपाथ पर लोग पैदल चल सके। उन्होंने शहरी क्षेत्र की सडक़ के किनारे की नालियों को खुली न रहने के निर्देश दिए तथा सडक के किनारे आवागमन को बाधित करने वाले ठेलों व अन्य पथ विक्रेताओं को निश्चित स्थान पर व्यवस्थित करने के निर्देश दिए। कलेक्टर ने कहा कि सडक़ में मवेशियों के कारण दुर्घटना की संभावना रहती है। अतः इन्हें हटाने की व्यवस्था सुनिश्चित कराएं तथा उनके गले मे रिफलेक्टर लगाने की कार्यवाही तत्काल कराए।

हाईवे सुरक्षा संबंधी बैठक संपन्न

कलेक्टर श्रीमती राखी सहाय की अध्यक्षता हाईवे सुरक्षा से संबंधित समिति की बैठक कलेक्टर सभागार में संपन्न हुई। बैठक में निर्देश दिए गए कि हाईवे के किनारे निर्धारित स्थान में ही भारी वाहनों के पार्किग की व्यवस्था कराएं इसके लिए पेट्रोलिंग दल लगातार भ्रमण कर निगरानी रखें तथा निर्देशों का उल्लंघन करने वालो के विरूध्द जुर्माना लगाने व अन्य कडी कार्यवाही की जाए। बैठक में सडक के किनारे ढाबों व अन्य निर्माण कार्य का निर्देशानुसार ही संचालन सुनिश्चित करनें की बात कही गई। नगर पंचायत व ग्राम पंचायत नियत सीमा के बाहर ही निर्माण की अनुमति दें। कलेक्टर ने कहा कि ब्लैक स्पॉट को चिन्हित करते हुए निर्देश के अनुसार संकेतक लगाने सहित अन्य कार्यवाही सुनिश्चित कराएं। बैठक में सीईओ जिला पंचायत अभय सिंह, अपर कलेक्टर प्रमोद कुमार सेन गुप्ता, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक आलोक कुमार शर्मा, डिप्टी कलेक्टर कमलेश नीरज , प्रिया अग्रवाल, यातायात प्रभारी ज्योति शुक्ला सहित सडक़ निर्माण विभाग के अधिकारी उपस्थित रहे।

खबर संक्षेप

मीना बाजार में खिलौना दुकान से 30 हजार का मोबाइल चोरी, सीसीटीवी में कैद हुई वारदात

कोतमा। नगर में संचालित मीना बाजार में खिलौने की दुकान लगाने वाले मो. करीम, निवासी बनियाटोला का करीब 30 हजार रुपये कीमत का मोबाइल चोरी होने का मामला सामने आया है। चोरी की पूरी वारदात मेला परिसर में लगे सीसीटीवी कैमरे में कैद हो गई। घटना की शिकायत कोतमा थाने में किए जाने के बाद पुलिस सीसीटीवी फुटेज के आधार पर संदिग्ध की तलाश में जुट गई है। जानकारी के अनुसार 15 अगस्त को मीना बाजार में काफी भीड़ थी। इसी दौरान मो. करीम की खिलौने की दुकान से उनका मोबाइल चोरी हो गया। मोबाइल गायब होने का पता चलने के बाद उन्होंने मेला परिसर में स्थित कार्यालय के सीसीटीवी कैमरों की फुटेज खंगाली। फुटेज में कई लोग मेला परिसर में आते-जाते दिखाई दे रहे हैं। इसी दौरान एक व्यक्ति द्वारा दुकान से मोबाइल उठाकर ले जाने की घटना कैमरे में कैद होना बताया जा रहा है। मो. करीम ने घटना की रिपोर्ट कोतमा थाने में दर्ज कराई है। शिकायत के बाद पुलिस ने सीसीटीवी फुटेज को जांच का आधार बनाते हुए संदिग्ध की पहचान के प्रयास शुरू कर दिए हैं। पुलिस द्वारा फुटेज में दिखाई दे रहे व्यक्ति की गतिविधियों और उसकी पहचान से जुड़े अन्य सुरागों की जांच की जा रही है। मीना बाजार में बड़ी संख्या में लोगों की आवाजाही के बीच मोबाइल चोरी की घटना से दुकानदारों में भी चिंता का माहौल है। पुलिस मामले की जांच कर रही है और जल्द ही आरोपी की पहचान कर कार्रवाई किए जाने की उम्मीद है।

भालूमाड़ा में पशु तस्करी पर पुलिस की कार्रवाई, पिकअप से 7 मवेशी बरामद



भालूमाड़ा। भालूमाड़ा पुलिस ने पशु तस्करी के खिलाफ कार्रवाई करते हुए एक पिकअप वाहन से 7 नग मवेशी बरामद किए हैं। मवेशियों को वाहन में कम जगह में ठूंस-ठूंसकर क्रूरतापूर्वक लादकर ले जाया जा रहा था। पुलिस ने पिकअप वाहन और मवेशियों को जब्त कर एक आरोपी को गिरफ्तार किया है, जबकि दो अन्य आरोपियों की भूमिका सामने आई है। पुलिस के अनुसार 17 अगस्त की रात करीब 1 बजे सूचना मिली थी कि एक पिकअप वाहन में मवेशियों को लादकर भालूमाड़ा से जमुना की ओर ले जाया जा रहा है। सूचना पर थाना प्रभारी निरीक्षक राधिका भगत के नेतृत्व में पुलिस टीम ने भालूमाड़ा-जमुना मार्ग पर अंग्रेजी शराब भट्टी के सामने नाकाबंदी की। इसी दौरान सफेद रंग की पिकअप क्रमांक यूपी 12 सीटी 8733 को रोककर तलाशी ली गई। तलाशी के दौरान वाहन में एक भैंसा और छह भैंस सहित कुल सात मवेशी बेहद कम जगह में ठूंसकर ले जाते हुए मिले। पुलिस ने मौके से पिकअप चालक करन केवट पिता मनोज केवट, उम्र 21 वर्ष, निवासी वार्ड क्रमांक 5 कोतमा को पकड़ा। पूछताछ में आरोपी ने पुलिस को बताया कि वह मेरठ निवासी मुस्तहीव और टांकी निवासी नंदू के कहने पर मवेशियों को पिकअप में लादकर परिवहन कर रहा था। पुलिस ने सातों मवेशियों तथा पिकअप वाहन को जब्त कर कुल करीब 9 लाख 50 हजार रुपये की मशरूका जब्त की है। बरामद मवेशियों को काजी हाउस कोतमा में सुरक्षित रखवाया गया है। मामले में थाना भालूमाड़ा में अपराध क्रमांक 231/2026 दर्ज कर पशु क्रूरता अधिनियम, मध्यप्रदेश कृषक पशु परिरक्षण अधिनियम तथा मोटर व्हीकल एक्ट की संबंधित धाराओं के तहत कार्रवाई की गई है। पुलिस द्वारा मामले में शामिल अन्य आरोपियों की भूमिका की भी जांच की जा रही है। कार्रवाई में थाना प्रभारी निरीक्षक राधिका भगत, उप निरीक्षक डीएस बागरी एवं आरक्षक 217 प्रवीण भगत की भूमिका रही। पुलिस अधिकारियों ने बताया कि अवैध रूप से पशुओं के परिवहन और तस्करी के खिलाफ अभियान आगे भी जारी रहेगा।

श्रावण सोमवार पर अमरकंटक में जाम का झाम, सड़कों पर लगी वाहनों की लंबी कतार

कपिलधारा, सोनमुड़ा, माई की बगिया और जैन मंदिर तिराहे पर यातायात व्यवस्था चरमराई घंटों जाम में फंसे श्रद्धालु और पर्यटक

अमरकंटक। श्रावण मास के तृतीय सोमवार को मां नर्मदा की उद्गम नगरी अमरकंटक में आस्था और पर्यटन का जनसैलाब उमड़ पड़ा। सुबह से ही नगर के प्रमुख धार्मिक स्थलों और पर्यटन क्षेत्रों की ओर जाने वाले मार्गों पर वाहनों का दबाव बढ़ता गया। देखते ही देखते कपिलधारा, सोनमुड़ा, माई की बगिया और जैन मंदिर तिराहा सहित कई प्रमुख मार्गों पर वाहनों की लंबी कतारें लग गईं। यातायात की रफ्तार धीमी होने से श्रद्धालुओं, पर्यटकों और स्थानीय नागरिकों को काफी परेशानियों का सामना करना पड़ा। श्रावण सोमवार के चलते सुबह से ही बड़ी संख्या में श्रद्धालु अमरकंटक पहुंचे। लोगों ने मां नर्मदा के उद्गम स्थल पर दर्शन-पूजन किया और विभिन्न शिव मंदिरों में भगवान भोलेनाथ का जलाभिषेक एवं पूजन-अर्चन किया। धार्मिक आस्था के साथ बड़ी संख्या में पर्यटक भी अमरकंटक के प्राकृतिक स्थलों का भ्रमण करने पहुंचे। एक साथ बढ़े वाहनों के दबाव के कारण नगर की यातायात व्यवस्था प्रभावित होती चली गई। **कपिलधारा मार्ग पर सबसे अधिक दबाव:** कपिलधारा जलप्रपात की ओर जाने वाले मार्ग पर सुबह से ही वाहनों की संख्या लगातार बढ़ती रही। श्रद्धालुओं और पर्यटकों के निजी वाहन बड़ी संख्या में पहुंचने के कारण कई स्थानों पर यातायात धीमा हो गया। वाहनों की लंबी कतार के चलते लोगों को कुछ दूरी तय करने में भी काफी समय लगा। इसी तरह सोनमुड़ा और माई की बगिया की ओर जाने वाले मार्ग पर भी वाहनों का भारी दबाव रहा। सड़क किनारे खड़े वाहनों और सीमित सड़क चौड़ाई के कारण कई बार आमने-सामने से आने वाले वाहनों को निकलने में परेशानी हुई। इससे पीछे वाहनों की कतार और लंबी होती गई।

सावन में अमरकंटक से अनूपपुर तक गूंजी डाक कांवड़, गौ सेवा-सुरक्षा का दिया संदेश

आस्था की दौड़, सेवा का संकल्प,शिव मारुति युवा संगठन की प्रथम डाक कांवड़ यात्रा सफल

अनूपपुर। पवित्र सावन मास में भगवान शिव की आराधना और जलाभिषेक की धार्मिक परंपरा के साथ शिव मारुति युवा संगठन द्वारा प्रथम वर्ष डाक कांवड़ यात्रा का भव्य एवं सफल आयोजन किया गया। अमरकंटक से श्री शिव मारुति मंदिर, सामतपुर अनूपपुर तक आयोजित इस यात्रा में युवाओं एवं श्रद्धालुओं ने उत्साहपूर्वक सहभागिता करते हुए धर्म, आस्था, सेवा और सामाजिक जिम्मेदारी का अनूठा संदेश दिया। सावन मास हिंदू धर्म में भगवान शिव की आराधना का विशेष पर्व माना जाता है। इस दौरान कांवड़ यात्रा के माध्यम से श्रद्धालु पवित्र नदियों एवं तीर्थस्थलों से जल लेकर भगवान शिव का जलाभिषेक करते हैं। इसी धार्मिक आस्था को सामाजिक सरोकार से जोड़ते हुए शिव मारुति युवा संगठन ने मां मां नर्मदा उद्गम स्थल अमरकंटक से अनूपपुर तक डाक कांवड़ यात्रा का आयोजन किया। यात्रा के दौरान श्रद्धालुओं ने भगवान

शिव के जयकारों के साथ धार्मिक उत्साह का परिचय दिया। इस डाक कांवड़ यात्रा की विशेषता यह रही कि धार्मिक आस्था के साथ गौ सेवा, गौ सुरक्षा एवं पशु कल्याण का संदेश भी प्रमुखता से दिया गया। संगठन के सदस्यों एवं युवाओं ने गौवंश को सड़क दुर्घटनाओं से बचाने, निराश्रित पशुओं की सेवा करने तथा उनके प्रति संवेदनशील व्यवहार अपनाने का संकल्प लिया। शिव मारुति युवा संगठन का यह आयोजन केवल धार्मिक यात्रा तक सीमित नहीं रहा, बल्कि धर्म को सेवा और सामाजिक दायित्व से जोड़ने की सकारात्मक पहल के रूप में सामने आया। यात्रा के दौरान युवाओं में विशेष उत्साह देखने को मिला। श्रद्धालुओं ने भगवान भोलेनाथ के जयकारों के साथ यात्रा पूरी की तथा गौवंश की सुरक्षा और सेवा के लिए समाज को जागरूक करने का प्रयास किया।

जिलाध्यक्ष हीरा सिंह श्याम की उपस्थिति में ग्रामीण क्षेत्र के लोगों ने ग्रहण की भाजपा की सदस्यता

अनूपपुर। पुष्पराजगढ़ विधानसभा क्षेत्र के बेनीबारी मंडल अंतर्गत बसंतपुर शक्ति केंद्र की बैठक शुक्रवार, 14 अगस्त को ग्राम पंचायत पिपरखुट्टा में आयोजित की गई। आयोजित आयोजित बैठक में मुख्य रूप से उपस्थित भाजपा जिला अध्यक्ष हीरा सिंह श्याम के नेतृत्व में ग्रामीण क्षेत्र के लोगों ने भाजपा की सदस्यता ग्रहण की। बैठक में भाजपा के जिला महामंत्री सिद्धार्थ सिंह, जिला मंत्री एवं बेनीबारी मंडल प्रभारी राजेश सिंह सारठिया, मंडल अध्यक्ष रजनीश सिंह, किसान मोर्चा जिला अध्यक्ष नरेश मिश्रा, अनुसूचित जाति मोर्चा जिला अध्यक्ष बब्बू चंद्रवंशी, राजेंद्रग्राम मंडल अध्यक्ष जागेश्वर सहित राजा तिवारी, स्वामी सोनवानी, सरपंच सुरेश सिंह पट्टावी, बूथ समिति अध्यक्ष चन्नू सिंह पट्टावी, बूथ अध्यक्ष कनकदास गोयल सहित बेनीबारी मंडल के पदाधिकारी एवं कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

बैठक को संबोधित करते हुए भाजपा जिला अध्यक्ष हीरा सिंह श्याम ने केंद्र एवं प्रदेश सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं की विस्तार से जानकारी दी। उन्होंने प्रदेश सरकार द्वारा स्वीकृत स्वास्थ्य केंद्रों सहित क्षेत्र में संचालित विभिन्न विकास एवं जनहितकारी योजनाओं के बारे में कार्यकर्ताओं को जानकारी देते हुए योजनाओं का लाभ अधिक से अधिक पात्र हितग्राहियों तक पहुंचाने का आहवान किया। बैठक के दौरान ग्राम पंचायत पिपरखुट्टा एवं ग्राम जिंदा टोला के विपक्षी दलों से जुड़े 36 कार्यकर्ताओं ने भाजपा की नीतियों एवं जिला अध्यक्ष हीरा सिंह श्याम के नेतृत्व से प्रभावित होकर भारतीय जनता पार्टी की सदस्यता ग्रहण की। वहीं 20 मातृ शक्तियों ने भी भाजपा की सदस्यता लेकर संगठन को मजबूत करने का संकल्प लिया। इस प्रकार कुल 56 लोगों ने भाजपा की सदस्यता ग्रहण की। नवागत सदस्यों का भाजपा नेताओं एवं कार्यकर्ताओं ने स्वागत करते हुए संगठन में सक्रिय भूमिका निभाने का आहवान किया। भाजपा नेताओं ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी एवं मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव के नेतृत्व में केंद्र और प्रदेश सरकार की जनकल्याणकारी नीतियों से प्रभावित होकर लगातार लोग भाजपा से जुड़ रहे हैं। उन्होंने कहा कि कार्यकर्ताओं की मेहनत और संगठन की मजबूती से भाजपा का जनाधार निरंतर बढ़ रहा है।

लूट की झूठी कहानी गढ़कर 1.20 लाख रुपये हड़पने वाले आरोपी की जमानत निरस्त

अनूपपुर। समूह वसूली की राशि हड़पने की नीयत से अपने साथ लूट की झूठी घटना की कहानी गढ़ने वाले आरोपी कुलदीप शर्मा की जमानत याचिका को तृतीय अपर सत्र न्यायाधीश कृष्णा डागलिया ने निरस्त कर दिया। शासन की ओर से मामले में लोक अभियोजक पुष्पेंद्र कुमार मिश्रा ने पैरवी करते हुए आरोपी की जमानत का विरोध किया। लोक अभियोजक ने बताया कि शिकायतकर्ता अमित नामदेव ने थाना चचाई में आवेदन देकर शिकायत की थी कि माइक्रो फाइनेंस कंपनी में फील्ड ऑफिसर के पद पर कार्यरत कुलदीप शर्मा, पिता कन्हैयालाल शर्मा, उम्र 24 वर्ष, निवासी उचेहरा, थाना गोहपारू, जिला शहडोल, देवरी, खुटवा, चचाई एवं सकोला क्षेत्र के समूहों से राशि वसूलने का कार्य करता था। 6 अगस्त को आरोपी सुबह करीब 7

बजे अनूपपुर से मोटरसाइकिल से समूहों की वसूली करने निकला था। इसके बाद वह वसूली की राशि कार्यालय में जमा करने नहीं पहुंचा और अपना मोबाइल बंद कर लिया। अगले दिन जब उससे राशि कार्यालय में जमा करने के लिए कहा गया तो उसने बताया कि व्यक्तिगत जरूरत के चलते उसने समूहों से वसूल की गई 1,20,467 रुपये की राशि अपने खर्च के लिए रख ली है तथा मोबाइल और बैग जंगल में छिपा दिया है। पुलिस के अनुसार, राशि हड़पने की नीयत से शिकायतकर्ता को गुमराह करने के लिए आरोपी ने अपने साथ लूट होने की झूठी कहानी बताई थी। मामले की जांच के दौरान पुलिस ने आरोपी की निशानदेही पर वसूली गई राशि में से 1,18,400 रुपये और मोबाइल फोन बरामद कर लिया। इस मामले में थाना चचाई पुलिस ने अपराध क्रमांक 216/2026 के तहत भारतीय न्याय संहिता, 2023 की धारा 316(2) एवं 316(5) के अंतर्गत प्रकरण दर्ज किया। आरोपी कुलदीप शर्मा को 7 अगस्त को गिरफ्तार किया गया था और तभी से वह जेल में निरुद्ध है। आरोपी की ओर से तृतीय अपर सत्र न्यायाधीश के न्यायालय में जमानत के लिए आवेदन प्रस्तुत किया गया था। सुनवाई के दौरान शासन की ओर से लोक अभियोजक पुष्पेंद्र कुमार मिश्रा ने मामले की गंभीरता, आरोपी द्वारा कथित रूप से योजनाबद्ध तरीके से राशि हड़पने तथा झूठी लूट की कहानी गढ़ने सहित अन्य परिस्थितियों को न्यायालय के समक्ष रखा। दोनों पक्षों को सुनने के बाद न्यायालय ने आरोपी की जमानत याचिका निरस्त कर दी।

साल बोरर के बढ़ते प्रकोप से साल वृक्षों की तबाही पर विधायक फुंदेलाल ने जताई चिंता

साल के पेड़ों को बचाने के लिए प्रभावी और वैज्ञानिक कदम उठाने पर दिया जोर

अनूपपुर। अमरकंटक सहित अनूपपुर और डिंडोरी जिले के वन क्षेत्रों में साल के पेड़ों पर साल बोरर कीट के बढ़ते प्रकोप से हो रहे नुकसान को लेकर पुष्पराजगढ़ विधायक फुंदेलाल सिंह मार्को ने गंभीर चिंता जताई है। वन विभाग द्वारा आयोजित वन संरक्षण कार्यशाला में उन्होंने साल के वृक्षों को कीट प्रकोप से बचाने के लिए तत्काल प्रभावी कदम उठाने तथा वन संपदा के संरक्षण को प्राथमिकता देने पर जोर दिया। कार्यशाला में अमरकंटक, अनूपपुर और डिंडोरी जिले के विभिन्न वन क्षेत्रों में साल बोरर कीट के प्रकोप से प्रभावित पेड़ों की स्थिति पर विस्तार से चर्चा की गई। विधायक मार्को ने कहा कि साल के जंगल इस क्षेत्र की महत्वपूर्ण प्राकृतिक संपदा हैं। इनका संरक्षण केवल वन विभाग की जिम्मेदारी नहीं, बल्कि पर्यावरण और जैव विविधता की रक्षा से जुड़ा सामूहिक दायित्व है। उन्होंने कहा कि अमरकंटक और आसपास के वन क्षेत्र पर्यावरणीय दृष्टि से बेहद संवेदनशील और महत्वपूर्ण हैं। यहां के जंगल नर्मदा उद्गम क्षेत्र के पारिस्थितिक संतुलन में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं। यदि साल के पेड़ों पर बढ़ते कीट प्रकोप को समय रहते नियंत्रित नहीं किया गया तो आने वाले समय में इसका व्यापक असर वन संपदा, जैव विविधता और पर्यावरणीय संतुलन पर पड़

सकता है। विधायक ने प्रभावित वन क्षेत्रों का वैज्ञानिक तरीके से सर्वे कराने, क्षतिग्रस्त पेड़ों की स्थिति का आकलन करने तथा कीट नियंत्रण के लिए विशेषज्ञों की सलाह से आवश्यक उपचार एवं संरक्षण कार्य तत्काल शुरू कराने की आवश्यकता बताई। उन्होंने वन विभाग के अधिकारियों से कहा कि प्रभावित क्षेत्रों में नियमित निगरानी बढ़ाई जाए और साल के पेड़ों को बचाने के लिए प्रभावी एवं व्यावहारिक उपायों को धरातल पर लागू किया जाए। कार्यशाला में मंडला संसदीय क्षेत्र के सांसद फग्गन सिंह कुलस्ते, इंदिरा गांधी राष्ट्रीय जनजातीय विश्वविद्यालय के कुलपति, डिंडोरी कलेक्टर सहित वन विभाग के अधिकारी, वन विशेषज्ञ एवं जनप्रतिनिधि उपस्थित रहे। इस दौरान साल वृक्षों के संरक्षण, साल बोरर कीट के नियंत्रण, प्रभावित क्षेत्रों की निगरानी तथा वन क्षेत्रों की सुरक्षा को लेकर विभिन्न पहलुओं पर विचार-विमर्श किया गया। कार्यशाला में वक्ताओं ने कहा कि अमरकंटक और आसपास के वन क्षेत्र केवल स्थानीय स्तर पर ही महत्वपूर्ण नहीं हैं, बल्कि उनकी पर्यावरणीय एवं जैव विविधतापूर्ण भूमिका व्यापक है। ऐसे में साल के वृक्षों को बचाने के लिए समयबद्ध और समन्वित प्रयास आवश्यक हैं। इस अवसर पर जिला अध्यक्ष अनूपपुर एनएसयूआई जितेंद्र खांडे सहित अन्य लोग भी मौजूद रहे। विधायक फुंदेलाल सिंह मार्को ने संबंधित विभागों से बेहतर समन्वय के साथ काम करने तथा साल बोरर के प्रभाव को नियंत्रित करने के लिए वैज्ञानिक, तकनीकी और व्यावहारिक उपाय शीघ्र लागू करने पर जोर दिया।

जैतहरी क्षेत्र में फिर पहुंचे हाथी

हरिभूमि न्यूज अनूपपुर। 16 अगस्त छत्तीसगढ़ से हाथियों का समूह एक बार फिर अनूपपुर जिले के जैतहरी क्षेत्र में प्रवेश कर गया है। करीब 13 दिनों बाद हाथियों के वापस लौटने से ग्रामीणों में चिंता बढ़ गई है। तीन हाथियों के समूह में से दो हाथी वर्तमान में धनगवां बीट के जंगल में पिछले तीन दिनों से डेरा डाले हुए हैं, जबकि तीसरा एक दांत वाला हाथी छत्तीसगढ़ के मरवाही वन मंडल क्षेत्र में विचरण कर रहा है। जानकारी के अनुसार शुक्रवार की देर रात दो हाथी छत्तीसगढ़ के मरवाही वन मंडल एवं वन परिक्षेत्र के शिवनी बीट अंतर्गत मालाडांड के जंगल से निकलकर गूजर नाला पार करते हुए रात करीब 9.35 बजे चोलना ग्राम पंचायत के झिरिया टोला पहुंचे। यहां वार्ड क्रमांक 17 में रामनिवास केवट के खेत में लगी धान की फसल को खाने के बाद दोनों हाथियों ने पूरी रात चोलना पंचायत के विभिन्न मोहल्लों में विचरण किया। इसके बाद हाथी कुकुरगोड़ा पंचायत के विभिन्न टोला-मोहल्लों से लगे धनगवां बीट के जंगल में पहुंच गए और पिछले तीन दिनों से यहीं ठहरे हुए हैं।

अमरकंटक में आस्था का अद्भुत केंद्र बने 51 टन वजनी अमरेश्वर महादेव द्वादश ज्योतिर्लिंगों की दिव्य उपस्थिति से आलोकित हो रहा पावन धाम

अमरकंटक।

देवाधिदेव महादेव की आराधना के पावन पर्व श्रावण मास में पवित्र नगरी अमरकंटक इन दिनों शिवमय वातावरण से अनुप्राणित हो उठी है। नर्मदा उद्गम की पुण्यभूमि पर स्थित ज्वालेश्वर महादेव मंदिर के समीप विराजमान 51 टन वजनी विशाल अमरेश्वर महादेव श्रद्धा, भक्ति और आध्यात्मिक आकर्षण का अद्वितीय केंद्र बने हुए हैं। महादेव की यह विराट प्रतिमा दूर-दूर से आने वाले श्रद्धालुओं, साधकों और पर्यटकों को सहज ही अपनी ओर आकृष्ट कर रही है। अमरेश्वर महादेव धाम की विशेषता केवल इसकी विशालता ही नहीं, बल्कि यहां स्थापित भगवान शिव के द्वादश ज्योतिर्लिंगों की पावन उपस्थिति भी है। देश के विभिन्न तीर्थों में स्थित बारहों ज्योतिर्लिंगों का एक ही परिसर में दर्शन श्रद्धालुओं के लिए अत्यंत पुण्यदायी माना जा रहा है। श्रद्धालु यहां पहुंचकर काशी विश्वनाथ, महाकालेश्वर, ओंकारेश्वर, सोमनाथ, केदारनाथ, त्र्यंबकेश्वर सहित अन्य ज्योतिर्लिंगों का सामूहिक दर्शन कर स्वयं को धन्य अनुभव कर रहे हैं। श्रावण मास के प्रत्येक सोमवार, प्रदोष और विशेष शिव आराधना तिथियों पर यहां भक्तों की लंबी कतारें देखी जा रही हैं। प्रातःकालीन अभिषेक, रुद्रपाठ, महामृत्युंजय जप और

शिव आरती के समय संपूर्ण परिसर हर-हर महादेव के जयघोष से गुंजायमान हो उठता है। श्रद्धालु जलाभिषेक, दुग्धाभिषेक, बेलपत्र अर्पण तथा रुद्राभिषेक कर भगवान भोलेनाथ से सुख, समृद्धि और कल्याण की कामना कर रहे हैं। वर्षा ऋतु में अमरकंटक की प्राकृतिक छटा इस आध्यात्मिक अनुभव को और भी मनोहारी बना देती है। चारों ओर हरियाली, पर्वतीय शीतलता और मंद पवन के बीच स्थित अमरेश्वर महादेव धाम श्रद्धालुओं को आध्यात्मिक शांति और आत्मिक आनंद प्रदान कर रहा है। अनेक पर्यटक इसे अमरकंटक के प्रमुख दर्शनीय स्थलों में सम्मिलित कर रहे हैं और यहां की दिव्यता को कैमरों में संजोते दिखाई दे रहे हैं। स्थानीय श्रद्धालुओं के अनुसार श्रावण मास में अमरेश्वर महादेव के दर्शन करने से विशेष पुण्य फल की प्राप्ति होती है। यही कारण है कि मध्यप्रदेश सहित छत्तीसगढ़, उत्तरप्रदेश और अन्य राज्यों से भी बड़ी संख्या में श्रद्धालु अमरकंटक पहुंच रहे हैं। मंदिर परिसर में श्रद्धालुओं की सुविधा हेतु दर्शन व्यवस्था, स्वच्छता और पूजा-अर्चना की समुचित व्यवस्था की जा रही है। अमरकंटक की यह पावन धरती सदियों से तप, साधना और शिव आराधना की साक्षी रही है। ऐसे में 51 टन वजनी अमरेश्वर महादेव और द्वादश ज्योतिर्लिंगों की संयुक्त उपस्थिति इस तीर्थ की आध्यात्मिक महिमा को और अधिक गौरव प्रदान कर रही है।

न्यायालय अनुविभागीय अधिकारी (रा.)
पुष्पराजगढ जिला अनूपपुर (म.प्र.)
राजस्व प्रकरण क्र.0061/
अपील /2025-26 प्रो.क्र./159
पुष्पराजगढ दिनांक 07.08.2026

नोटिस सूचना

1-जैसा यादव आयु 65 वर्ष पिता स्व. कगदू यादव माता गोडिन अहीर निवासी ग्राम पोडी थाना अमरकंटक तहसील जिला अनूपपुर (म.प्र.) 2-अघनी बाई आयु 63 वर्ष पिता- कगदू यादव माता गोडिन जाति अहीर निवासी ग्राम लालपुर थाना अमरकंटक तहसील पुष्पराजगढ जिला अनूपपुर (म.प्र.) 3-मंगतू यादव आयु 61 वर्ष पिता स्व. मंगलू यादव माता गोडिन बाई जाति अहीर निवासी ग्राम लालपुर थाना अमरकंटक तहसील पुष्पराजगढ़ जिला अनूपपुर (म.प्र) 4-इतवारिया बाई आयु 58 वर्ष पिता स्व. मंगलू यादव माता गोडिन बाई जाति अहीर निवासी ग्राम डोगरगढी थाना गोरला तहसील गोरला गौरेला पेण्ड्रा मरवाही (छ.ग.) 5-धनीराम यादव आयु 56 वर्ष पिता स्व. मंगलू यादव माता गोडिन जाति अहीर निवासी ग्राम लालपुर थाना अमरकंटक तहसील पुष्पराजगढ जिला अनूपपुर (म.प्र.).....अपीलार्थीगण

बनाम

1. तिजिया बाई आयु 62 वर्ष पति घनश्याम यादव जाति अहीर निवासी ग्राम पोडी थाना अमरकंटक तहसील पुष्पराजगढ जिला अनूपपुर (म.प्र.) 2-लखन यादव आयु 55 वर्ष पिता घनश्याम यादव जाति अहीर निवासी ग्राम पोडी थाना अमरकंटक तहसील पुष्पराजगढ जिला अनूपपुर (म.प्र.) 3. बालमुकुद यादव आयु 50वर्ष पिता घनश्याम यादव जाति आहीर निवासी ग्राम पोडी थाना अमरकंटक तह. पुष्पराजगढ़ जिला अनूपपुर (म.प्र.) 4- अनुराधा बाई आयु 45वर्ष पिता घनश्याम यादव पति शिवचरण यादव जाति अहीर निवासी ग्राम पोंगाटोला (खाटी) थाना अमरकंटक तहसील पुष्पराजगढ जिला अनूपपुर (म.प्र.) 5. भोली बाई आयु 80 वर्ष पति भोला यादव जाति अहीर निवासी ग्राम पोडी थाना अमरकंटक तहसील पुष्पराजगढ़ जिला अनूपपुर (म.प्र.) 6. रामफल आयु 65 वर्ष पिता माला यादव जाति अहीर निवासी ग्राम बाडी थाना अमरकंटक तहसील पुष्पराजगढ़ जिला अनूपपुर (म.प्र.) 7. उर्मिला बाई आयु 60 वर्ष पिता भाला यादव जाति अहीर ग्राम पोड़ी थाना अमरकंटक तहसील पुष्पराजगढ जिला अनूपपुर (म.प्र.) 8- रामसाखा यादव आयु 58 वर्ष पिता भोला यादव जाति अहीर निवासी ग्राम पोडी थाना अमरकंटक तहसील पुष्पराजगढ़ जिला अनूपपुर (म.प्र.) 9. गीता बाई आयु 55वर्ष पिता भोला यादव जाति अहीर निवासी ग्राम अमगवां थाना अमरकंटक तहसील पुष्पराजगढ जिला अनूपपुर (म.प्र.) 10- रामकली बाई आयु 65 वर्ष पिता बजरू यादव जाति अहीर निवासी ग्राम युटिया टोला थाना करंजिया तहसील बजाग जिला डिण्डौरी (म.प्र.) 11- 1ललिया बाई आयु 62 वर्ष पिता बजरू यादव जाति अहीर निवासी ग्राम लालपुर थाना अमरकंटक तहसील पुष्पराजगढ जिला अनूपपुर (म.प्र.) 12- चन्द्रकली बाई आयु 73 वर्ष पति स्व. परनू यादव जाति अहीर निवासी ग्राम पोडी थाना अमरकंटक तहसील पुष्पराजगढ़ जिला अनूपपुर (म.प्र.) 13- पुरन यादव आयु 50 वर्ष पिता स्व. परनू यादव जाति अहीर निवासी ग्राम पोडी थाना अमरकंटक तहसील पुष्पराजगढ जिला अनूपपुर (म. प्र.) 14- रविन्द्र यादव आयु 47 वर्ष पिता स्व. परनू यादव जाति अहीर निवासी ग्राम पोडी थाना अमरकंटक तहसील पुष्पराजगढ जिला अनूपपुर (म.प्र.) 15- कमला बाई आयु 45 वर्ष पिता स्व. परनू यादव जाति अहीर निवासी ग्राम पोडी थाना अमरकंटक तहसील पुष्पराजगढ जिला अनूपपुर (म.प्र.) 16- युवकुमार यादव आयु 40 वर्ष पिता स्व. परनू यादव जाति अहीर निवासी ग्राम पोडी थाना अमरकटक तहसील पुष्पराजगढ जिला अनूपपुर (म.प्र.) 17- मलिया बाई आयु 70 वर्ष पिता स्व. अहीर निवासी पोडी थाना अमरकंटक तहसील पुष्पराजगढ़ जिला अनूपपुर 18- गलिया बाई आयु 67 वर्ष पिता स्व. परन्सी ग्राम पोडी थाना अमरकंटक तहसील पुष्पराजगढ जिला अनूपपुर 19. ननसी बाई आयु 85 वर्ष पति स्व. लालसा ग्राम पोडी थाना अमरकंटक तहसील पुष्पराजगढ जिला अनूपपुर 20- लामू यादव आयु 66 वर्ष पिता स्व. लाल ग्राम पोडी थाना अमरकंटक तहसील पुष्पराजगढ जिला अनूपपुर 21- रामरूद्र यादव आयु वर्ष ग्राम पोडी थाना अमरकंटक तहसील पुष्पराजगढ जिला अनूपपुर 22- रामचन्द्र यादव आयु 50वर्ष निवासी ग्राम डोंगरगढी थाना गौरेला तहसील मरवाही (छ.ग) 23- सिया बाई आयु 56 वर्ष पिता लालसा निवासी ग्राम पोंडी थाना अमरकंटक 24- कुसिया बाई पिता लालसा यादव 25- बरातू यादव आयु 74 वर्ष निवासी ग्राम पाडी थाना ग्राम पोडी थाना अमरकंटक तहसील पुष्पराजगढ जिला अनूपपुर 26- रामकुमार यादव आयु 72वर्ष पिता स्व. बैझड यादव जाति अहीर निवासी ग्राम पोडी थाना अमरकंटक तह. पुष्पराजगढ जिला अनूपपुर (म.प्र.) 27- चांदी बाई आयु 67 वर्ष पिता स्व. बैझड यादव जाति अहीर निवासी ग्राम जुहिली थाना राजेन्द्रग्राम तहसील पुष्पराजगढ जिला अनूपपुर (म.प्र.) 28- हरिराम यादव आयु 59 वर्ष पिता स्व. बेसाहू राम यादव जाति अहीर निवासी ग्राम पोडी थाना अमरकंटक तह पुष्पराजगढ जिला अनूपपुर (म.प्र.) 29- मोहन यादव आयु 55 वर्ष पिता स्व. बेसाहू राम यादव जाति अहीर निवासी ग्राम पोडी थाना अमरकंटक तह पुष्पराजगढ जिला अनूपपुर (म.प्र.) 30- पूरन यादव आयु 50 वर्ष पिता स्व. बेसाहू राम यादव जाति अहीर निवासी ग्राम पोडी थाना अमरकंटक तह. पुष्पराजगढ जिला अनूपपुर (म.प्र.) 31- ज्ञानी बाई आयु 57 वर्ष पिता स्व. बेसाहू राम जाति अहीर निवासी ग्राम पोडी थाना अमरकंटक तह. पुष्पराजगढ जिला अनूपपुर (म.प्र.)..................उत्तरवादीगण

एतद् द्वारा आपको सूचित किया जाता है कि ग्राम पोंडी तहसील पुष्पराजगढ की कुल 34 किता कुल रकवा 17.680 है. भूमि का अपीलार्थीगण द्वारा अपील प्रस्तुत किया गया है । उपर्युक्त मामले की सुनवायी तारीख 18.08.2026 को समय 02.00 बजे नियत स्थान न्यायालय अनुविभागीय अधिकारी (रा.) पुष्पराजगढ जिला अनूपपुर (म.प्र.) में सुनवायी हेतु नियत है । उक्त सुनवायी दिनांक को अनुपस्थित रहने की दशा में आपके विरूद्ध एकपक्षीय कार्यवाही की जावेगी ।

स्थान:- पुष्पराजगढ़
दिनांक :- 07.08.2026

अनुविभागीय अधिकारी (रा.)
पुष्पराजगढ जिला अनूपपुर (म.प्र.)